卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 163 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦20 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बारिश ओलावृष्टि से लौटी ठंड

देहरादून/हल्द्वानी/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश में दो दिनों से मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। कहीं बारिश और कहीं ओलावृष्टि के साथ ठंडी हवाएं चलने से ठंड बढ़ गई है। सोमवार को भी प्रदेश के अधिकांश इलाकों में दिन की शुरुआत बारिश के साथ हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। साथ ही उंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी भी हो सकती है। सोमवार को राजधानी देहरादून में हल्के बादलों के बीच धूप खिल आई। हालांकि हल्के बादल भी छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी होती रही। मसूरी में भी बादलों का पहरा रहा। वहीं हल्द्वानी में सुबह तेज बारिश हुई। नैनीताल के अयारपाटा में तड़के ओलावृष्टि भी हुई। वहीं उधम सिंह नगर में भी सुबह तेज बारिश हुयी इसके बाद दिन भर बूंदा बांदी होती रही। बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। ठंड बढ़ने से लोगों के स्वेटर फिर निकल आये। वहीं बारिश ने कई जगह जन जीवन भी प्रभावित किया। बारिश के बाद कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित हुई जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीते कुछ दिनों से मौसम बदला हुआ है। सरोवर नगरी नैनीताल में कई महीने बाद मूसलधार वर्षा देखने को मिली। जिससे शहर का जनजीवन प्रभावित रहा। अच्छी वर्षा से नाले उफान पर आ गए। साथ ही प्राकृतिक जलस्रोत रिचार्ज हो गए है।



## दूसरे दिन भी हटाये दर्जनों अवैध निर्माण

देहरादून (उद संवाददाता)।जल विद्युत निगम की टीम पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर दूसरे दिन सोमवार को भी शक्ति नहर के किनारे किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गयी। इसमें कच्चे-पक्के मकान, दुकान और अन्य निर्माण ध्वस्त किये गये। अभियान में आठ जेसीबी लगाई गई हैं। इससे पहले रविवार को भी 300 अवैध निर्माण जमींदोज किए गए थे। बता दें कि जल विद्युत निगम ने अपनी जमीन से खुद कब्जे हटाने के लिए शनिवार को आखिरी नोटिस देकर 24 घंटे का समय दिया था। जिसके बाद रविवार को 40-50 साल से बसी बस्तियों से अवैध कब्जे हटने का अभियान शुरू किया गया। डाकपत्थर से कुल्हाल तक 15 किमी लंबी शक्ति नहर के दोनों किनारों पर जल विद्युत निगम की 15 हेक्टेयर जमीन पर बनी बस्तियों को खाली कराने की कार्रवाई पहली बार 2018 में नोटिस के साथ शुरू हुई। अब हाल ही में एक और तीन मार्च को नोटिस दिए गए। इसके बाद नौ कब्जाधारियों के हाईकोर्ट जाने पर निगम ने इनके नोटिस वापस ले लिए थे। इसके चलते याचिका निस्तारित हो गई। इसके बाद निगम ने शनिवार सुबह कब्जाधारियों को 24 घंटे में बस्तियों को खाली करने के नोटिस दिए थे। जल विद्युत निगम के उप महाप्रबंधक हेमंत कुमार (शेष पृष्ठ सात पर)



## थमने नहीं दी जायेगी विकास की गति: धामी

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार रात्रि केआईटीएम कॉलेज में आयोजित की। मुख्यमंत्री धामी ने कॉलेज के छात्राओ को बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार शिक्षा के लिए अनेकों हस्तशिल्प के क्षेत्र में कार्य कर रही है उनके प्रशिक्षण के लिए खटीमा आईटीआई में व्यवस्था की जायेगी। जल भराव से निजात के लिए कार्य किया जाएगा। जो विकास के कार्य प्रारम्भ किया है उसे शीघ्र पूरा किया जाएगा।



कवि सम्मेलन का फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री धामी ने नेशनल हाइवे से कॉलेज तक सड़क बनाने की घोषणा कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि खटीमा में अनेक विकास के कार्य किए जा रहे है जो निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति की महिलाओं द्वारा उन्होंने कहा कि आश्रम पद्धति विद्यालय का उच्चीकरण का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खटीमा में पुस्तकालय की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारे प्रदेश में जी 20 की पहली बैठक 28 मार्च से रामनगर में होने जा रही है। जी 20 की तीन (शेष पृष्ठ सात पर)

## कोर्ट के आदेश पर सूदखोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्याज सहित मूल रकम अदा करने के बाद भी सूदखोर द्वारा जबरन 1.30 लाख रूपये और मांगने तथा न देने पर जानलेवा हमला कर देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में सोमपाल पुत्र अंगन लाल निवासी वार्ड नंबर 3 शास्त्रीनगर ट्रांजिट कैम्प ने राशिद अली पुत्र करामत अली निवासी ग्राम स्योरा पोस्ट स्योरा थाना दलपतपुर मुरादाबाद व दो अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध कहा है कि उसने राशिद अली से 18 अक्टूबर 2019 को 20 हजार रुपये उधार लिये थे। ली गयी धनराशि से कहीं ज्यादा राशिद अली को दे चुका है लेकिन वह अब भी जबरन 1.30 लाख रुपये की नाजायज माँग कर उसे डरा धमका रहा है । सोमपाल का आरोप है 8 फरवरी 2023 को प्रात: वह शास्त्रीनगर रोड पर सड़क किनारे खड़ा था तभी राशिद अली अपने दो अज्ञात साथियो के साथ आया और रुपये मांगने लगा। जब उससे कहा कि वह मूल धन से कही अधिक रुपया मय ब्याज दे चुका है तो वह अपने साथियो के साथ उससे मारपीट करने लगा जिससे उसे गंभीर चोटें आ गई। । मौके पर जा रहें लोगो ने उसे बचाया। घटना की रिपोर्ट (शेष पृष्ठ सात पर)

## ग्रामीणों ने जल संस्थान कार्यालय में की तालाबंदी

रामनगर(उद संवाददाता)। ग्रामीणों ने पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए कार्यालय में तालाबंदी की। पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर जल हर घर नल योजना के तहत फ्री पानी के कनेक्शन लगाए थे लेकिन इन नालों में एक बूंद भी पानी ग्रामीणों को नहीं मिला है तथा सरकार की योजना साल भर में ही दम तोड़ती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा हजारों रुपए के बिल ग्रामीणों को भेजे जा रहे हैं उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को इन बिलों को माफ किया जाए और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराया जाए। मांग पूरी ना होने पर उन्होंने जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन व धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। मामले में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मनोज गंगवार ने बताया कि उक्त योजना के तहत अभी कार्य पूरा नहीं हुआ है तथा शीघ्र ही यह कार्य पूरा करने के बाद ग्रामीणों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा वही उन्होंने बताया कि जो बढ़े हुए बिल का मामला है। उस पर उन्होंने कहा कि पूर्व में ग्रामीणों द्वारा लिए गए पानी के कनेक्शन का बिलों का भुगतान नहीं किया गया था वर्तमान में विभाग द्वारा वसूली अभियान किया जा रहा है जिसके तहत यह बिल भेजे गए हैं।



## फोटो एडिटिंग कर युवती को किया बदनाम, टूटा रिश्ता

### आरोपी के खिलाफ केस दर्ज, पूर्व में भी कई बार कर चुका है ऐसी हरकतें

काशीपुर(उद संवाददाता)। युवती की शादी तय होने के बाद एक शरारती तत्वों ने आपत्तिजनक तरीके से उसकी फोटो एडिटिंग कर सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए उसे इस कदर बदनाम कर दिया कि लड़की का रिश्ता टूट गया। इसके अलावा आपत्तिजनक फोटो सार्वजनिक रूप से वायरल करने की वजह से परिवार की भी बुरी तरह बदनामी हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मदरसा शमशुल उलूम के समीप मोहल्ला अल्ली खां निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी पुत्री का विवाह मोहल्ला थाना साबिक मजरा काशीपुर निवासी एक युवक से तय किया। शादी के कार्ड भी रिश्तेदारों को बांट दिए लेकिन इसी बीच जब कार्यक्रम बिल्कुल नजदीक आ गया इस दौरान रामनगर निवासी इसराफिल नामक युवक ने युवती की फोटो को आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ससुराल वालों ने जैसे ही आपत्तिजनक फोटो देखा उसने रिश्ता तोड़ दिया। इसके अलावा युवक की इस हरकत से कन्या पक्ष की समाज में भी बहुत बदनामी हुई। 14 मार्च को लड़की की शादी होने वाली थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को यह (शेष पृष्ठ सात पर)

**कृषि भूमि बिकाऊ**

7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी
**लोकेशन:** गदरपुर-गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशन:गूलरभोज(6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्ट: पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहर: गदरपुर (4 किमी)
okLrfod [kjhnnkj
lEidZ djs&9891277500

## फर्जी वसीयत से तालाब की भूमि को किया खुर्द बुर्द

### कोर्ट के निर्देश पर चार के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। तालाब के भूमि की फर्जी वसीयत तैयार कर मिट्टी भरान करते हुए खुर्दपुर किए जाने का एक हैरतअंगेज मामला प्रकाश में है। पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर धोखाधड़ी के उक्त मामले में चार लोगों को नामजद करते हुए घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आनंद सिंह चक्की मोड़, निहारी मझरा काशीपुर निवासी दलवीर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री सोहन सिंह ने बताया कि उसके पिता का राजस्व ग्राम ढकिया गुलाबों में तालाब दर्ज है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि रायपुर खुर्द काशीपुर निवासी गुरजिंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय पूरन सिंह ने उसके पिता सोहन सिंह से धोखे से गलत व कूट रचना कर वसीयत अपने नाम करा ली। इसके बाद बलजिंदर कौर पत्नी निर्मल सिंह एवं निर्मल सिंह पत्नी दलीप सिंह निवासी उपरोक्त को वसीयत के आधार पर भूमि का बैनामा करा दिया गया। इस दौरान शिकायतकर्ता को धमकी दी गई कि यदि उसने किसी प्रकार की कोई कानूनी कार्यवाही की तो उसे मौत के घाट उतार दिया जाएगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि राजस्व के अभिलेखों में दर्ज तालाब की भूमि को मिट्टी से पाटा जा चुका है। शिकायतकर्ता नहीं बताया कि वर्ष 2021 की 26 अक्टूबर को उसने मामले की लिखित शिकायत शासन और प्रशासन के उच्चाधिकारियों से की लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं हो सका। वर्ष 2021 की 16 नवंबर को दोबारा परगना मजिस्ट्रेट को भी लिखित शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्यवाही (शेष पृष्ठ सात पर)

## फीस जमा न करने पर दो बहनों को परीक्षा से किया वंचित

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने स्कूल पहुचंकर काटा हंगामा

रामनगर(उद संवाददाता)। सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर लगातार बड़े-बड़े दावे कर रही है दूसरी तरफ रामनगर में कुछ निजी स्कूल संचालक अपनी मनमानी के चलते सरकार की योजना को पलीता लगा रहे हैं। निजी स्कूल संचालकों की मनमानी का शिकार कई गरीब अभिभावक भी हो रहे है। लगातार इन स्कूलों में फीस वृद्धि की जा रही है लेकिन सरकार इस पर अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह विफल साबित हो रही है। सरकार और अधिकारियों की उदासीनता के चलते कई अभिभावक निजी स्कूलों की मनमानी का शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रामनगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम टांडा मल्लू में स्थित आदर्श बाल एकेडमी स्कूल का सामने आया है। बताया जाता है कि स्कूल संचालक द्वारा कक्षा 10 एवं कक्षा आठ में पढ़ने वाली दो सगी बहनों के अभिभावकों द्वारा परेशानी के चलते फीस जमा नहीं की गई तो स्कूल संचालक ने इन दोनों बहनों को परीक्षा में बैठने से वंचित करते हुए उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। मामले में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य शिखर भट्ट अपने कार्यकर्ताओं के साथ स्कूल पहुंचे और उन्होंने स्कूल प्रबंधन से बात की। इस बीच कार्यकर्ताओं का स्कूल प्रबंधन के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। उन्होंने बताया कि रामनगर के मोहल्ला इंदिरा कॉलोनी में रहने वाली रेनू नाम की महिला की दो बालिका है कक्षा 10 व कक्षा आठ में इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही (शेष पृष्ठ सात पर)

# सरकार हर मामले में अनुभवहीन सिद्ध हुई : यशपाल आर्य

## नेता प्रतिपक्ष ने प्रेस वार्ता में बजट सत्र दो दिन पहले ही समाप्त करने पर जतायी नाराजगी, कर्ज में डूब रहा प्रदेश

देहरादून (उद संवाददाता)। बजट सत्र के स्थगित होने के बाद नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस विधायकों के साथ देहरादून के विधानसभा भवन में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि सत्र की अवधि कम होने के कारण उद्यान सहित कई अन्य विभागों के घोटालों और जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवालों से संबधित प्रश्नों पर चर्चा नहीं हो पायी। उन्होंने आरोप लगाया कि गैरसैंण सत्र में सरकार के गलत जबाबों, उसकी संवादहीनता, असंवेदनशीलता और हठधर्मिता के कारण कई संसदीय परम्पराऐं भी तार-तार हुई हैं। गैरसैंण में आहूत बजट सत्र में कांग्रेस विधानमडंल दल ने उपलब्ध कम समय में विधानसभा के माध्यम से जनता के हर प्रश्न को उठाने की कोशिश की परंतु सरकार हर मामले में असंवेदनशील व अनुभवहीन सिद्ध हुई और राज्य की नौकरशाही के सामने नतमस्तक दिखी। कांग्रेस विधानमंडल दल ने प्रश्न काल, कार्य स्थगन, बजट पर सामान्य चर्चा और अन्य स्वीकृत नियमों के अर्न्तगत बेरोजगारों के उत्पीड़न, नकल माफिया, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, जोशीमठ सहित प्रदेश के अन्य स्थानों की आपदा, प्रदेश भर के भूमिधरी आदि मामलों को उठाया और इन सभी मामलों में सरकार विपक्ष के प्रश्नों का सीधा जबाब देने से भागती रही। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, इस बार राज्य की जनता को आशा थी कि, सत्र लंबा चलेगा लेकिन सरकार ने पूर्व में घोषित अवधि से दो दिन पहले सत्र ही सत्र को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर यह सिद्ध कर दिया कि, राज्य के सर्वोच्च सदन विधायिका के द्वारा राज्य की जनता के बड़े प्रश्नों को हल करने में उसकी कोई रुचि नहीं है। उन्होंने कहा कि, राज्य आंदोलनकारियों के लिए क्षैतिज आरक्षण के बिल को गैरसैंण में कैबिनेट से विधानसभा में रखने हेतु स्वीकृति दिलवाने के बाद भी सरकार ने विधानसभा के पटल पर नहीं रखा न ही कांग्रेस की मा0 विधायक अनुपमा रावत के इस विषय पर प्राइवेट मेम्बर बिल को सदन में आने दिया। इस राज्य के इससे बड़ा मजाक क्या होगा कि, उसके निर्माण के लिए संघर्ष करने वाले राज्य आंदोलनकारियों के साथ सरकार इतना बड़ा मजाक करती है। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि, राज्य के सैकड़ो ऐसे विषय हैं जो बिल लाकर कानून बनने की बाट जोह रहे हैं और इसके बाबजूद भी सरकार विधानसभा का सत्र चलाने के लिए बिजनेस न होने के बात कर रही हो तो यह सिद्ध हो जाता है कि, भाजपा को केन्द्र की संसद से लेकर राज्य की विधानसभाओं तक संसदीय प्रणाली के शासन को चलाने में कोई रुचि नहीं है। नेता प्रतिपक्ष ने 2023-24 के बजट को अक्षम सरकार द्वारा पेश किया गया दिशाहीन बजट बताया। उन्होंने कहा कि, इस बजट दिशाहीन, संकल्पविहीन, प्रतिगामी, विकास अवरोधी तथा आम आदमी के हितों के खिलाफ महंगाई बढ़ाने वाला बजट कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। आम बजट में मात्र कोरी घोषणाओं का अंबार लगाया गया है परन्तु उन्हें पूरा करने के लिए पैसा कहां से आयेगा इसका कोई उल्लेख नहीं है। यदि इसे "कर्ज लेकर घी पीने वाला" बजट कहा जाय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, सरकार ने बजट में इस वित्तीय वर्ष में 19 हजार 460 करोड़ रुपए का ऋण लेने का अनुमान लगाया है। 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद यदि सात सालों में लिए सरकार द्वारा लिए गए कर्ज को जोड़ा जाय तो यह 99 हजार 749 करोड़ रुपया होता है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए बताया कि, राज्य बनने के बाद 17 सालों में सभी सरकारों ने 2017 तक केवल 35 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लिया गया था और 2017 के बाद भाजपा सरकारों के 7 सालों में लगभग 1 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, सरकार ने सदन में विपक्ष के इस प्रश्न का जबाब भी नहीं दिया कि, वह सदन के माध्यम से राज्य की जनता को बताऐ कि, आज के दिन राज्य पर कितना कर्ज है? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, आंकडें गवाह हैं कि, 22 सालों में लिए गए कर्ज में से कुछ कर्ज वापसी और ब्याज अदायगी के बाद भी राज्य पर आज लगभग एक लाख 20 करोड़ से अधिक कर्जा निकलेगा। नेता प्रतिपक्ष ने पत्रकारों को बताया कि, राज्य का इस साल का बजट केवल 77 हजार 407 करोड़ का है और राज्य पर कर्ज उससे कही अधिक 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपए के लगभग का है तो आप सभी राज्य की आर्थिक स्थिति को समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि, हमने आंकड़ो के साथ सरकार से पूछा कि, इतना कर्ज क्यों लिया जा रहा है या 7 साल में लिए एक लाख रुपए के कर्ज से राज्य में क्या उत्पादकता हुई? कितने नए रोजगारों का सृजन हुआ? कौन सी जनकल्याणकारी योजना चलाई? तो सरकार ने इन प्रश्नों का कोई जबाब नहीं दिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, कोरी घोषणाओं व जुमलेबाजी के इस बजट में वित्तीय प्रबन्धन का नितांत अभाव है इसलिए उत्तराखण्ड राज्य पर कर्ज उसके सालाना बजट के आकार से कही अधिक हो गया है। कर्ज और देनदारी को कुल सकल घरेलू उत्पाद याने जीएसडीपी का 25 प्रतिशत तक रखने की राजकोषीय उत्तरदायित्व एंव बजट प्रबंधन अधिनियम (एफ0आर0 बी0एम0) की सीमा को उत्तराखण्ड 2019-2020 में ही लांघ चुका है। उन्होंने कहा कि, इस वित्तीय वर्ष के अंत तक सरकार की आटसटैंडिग लाइबलिटीज जीएसडीपी का 28.2 प्रतिशत हो जायेगी। जो खतरे के संकेत से 3.2 प्रतिशत अधिक है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, कांग्रेस के माननीय विधायकों ने चितां व्यक्त की कि सरकार अपने साल के बजट का बड़ा हिस्सा पुराना कर्जा देने और उसके ब्याज की अदायगी के रुप में खर्च कर रहे हैं। इस साल के बजट में इस साल 77 हजार करोड़ के बजट में से सरकार अनुमानित रुप से 17388 करोड़ रुपऐ याने लगभग 15 प्रतिशत केवल पुराना कर्ज और ब्याज देने में ही खर्च कर देगी तो फिर आपके राज्य में शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य आदि पर खर्च करने के लिए क्या बचेगा? नेता प्रतिपक्ष ने चिंता व्यक्त की कि, इस हालात में नए रोजगार सृजन की कल्पना करना ही बेकार है आप पुराने सृजित रोजगारों को भी नहीं दे पाऐंगे। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस की चिंता थी कि, उधारी और ब्याज चुकाने के बाद 2023-2024 में 66 हजार 179 करोड़ रुपए के खर्चों में से उत्तराखण्ड राज्य बाध्यकारी खर्चों याने वेतन, पेंशन और ब्याज अदायगी पर ही इस वित्तीय साल में 32 हजार 583 करोड़ रुपए खर्च कर देगा। इन व्ययों को राजस्व व्यय भी कहते हैं। जो कुल प्राप्तियों का 57 प्रतिशत है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, 66 हजार करोड़ के खर्चे में से 50 हजार करोड़ कर्ज वापसी, ब्याज अदायगी, वेतन, पेशंन आदि अनुत्पादक कार्यों में खर्च होने के बाद वह राज्य के लोगों के विकास की आकांक्षा, सामाजिक उत्तरदायित्वों और रोजगार सृजन का कार्य कैसे करेगी? उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि, धन की अनुपलब्धता के कारण बजट में महिलाओं, बेरोजगार युवाओं, अनु0 जाति, जनजाति के लिए कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। विभागवार बजटों में भी केवल आंकड़ों की जादूगरी की गई है। इसलिए बजट केवल पुरानी बोतल में नई शराब जैसा ही है। उन्होंने कहा कि, दिल्ली की केन्द्र सरकार के बजट ने भी इस साल किसानों और गांवों को निराश किया था अब प्रदेश की भाजपा सरकार ने भी किसानों और गांव को निराश किया है। दोनों सरकारें ये जबाब नहीं दे रही हैं कि क्या किसानों की आय दोगुनी हुई है? क्या किसानों को उनकी फसलों का सही कीमत मिल रहा है? डीजल, पेट्रोल, कीटनाशक, खाद, बीज सब महंगा हो गया है। डीजल की मंहगे होते ही सब कुछ मंहगा हो जाता है और सरकार मंहगाई से मुक्ति की बात कर रही है। नेता प्रतिपक्ष का आरोप है कि, बजट में इन्वेस्टमेंट पॉलिसी या उद्योग धंधे लगाने के लिए कोई राहत पैकेज नहीं किया गया। राज्य में यदि नया निवेश नहीं आयेगा और नए उद्योग स्थापित नहीं होंगे तो निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी नहीं बड़ेंगे। इस कारण महंगाई और बेरोजगारी की समस्या और अधिक बढ़ेगी इसी लिए कांग्रेस का आरोप है कि, यह एक दिशाहीन और राज्य की आर्थिक वृद्धि पर चोट करने वाला बजट है। बजट में पर्वतीय अंचलों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए कुछ खास नहीं है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गैरसैंण में बजट सत्र के आयोजन के बाद भी ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण का नाम तक बजट भाषण में न लेना यह सिद्ध करता है कि, सरकार को गैरसैंण और पर्वतीय क्षेत्र के विकास और उनकी भावनाओं की कोई परवाह नहीं है। प्रेस वार्ता में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवम विधायक श्री प्रीतम सिंह, विधायक फुरकान अहमद, श्रीमती ममता राकेश, श्रीमती अनुपमा रावत, वीरेंद्र जाति, रवि बहादुर, प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि उपस्थित थे।



# पति के साथ ऋषिकेश घूमने आयी नव विवाहिता पहुंची जीजा के घर!

## तलाश में जुटी थी पुलिस, मोबाइल और चप्पल पड़ी मिली

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। एक नव विवाहित जोड़ा घूमने आया। इस दौरान पत्नि- पत्नी और उसकी बहन वीडियो कॉल पर बात कर रहे थे, लेकिन तभी कुछ ऐसा हुआ कि सब हैरानी में पड़ गए। पत्नी की अचानक चीखने की आवाज आई और वह वहां से लापता हो गई। इसके बाद जो हुआ उसने सबको चौंका दिया। दरअसल, लापता हुई फिरोजाबाद निवासी नव विवाहिता अपने घर पहुंच गई। नव विवाहिता के जीजा ने पुलिस को इसकी सूचना दी। जबकि पुलिस अब तक युवती के डूबने या जंगली जानवर के हमले का शिकार होने की आशंका के एंगल से मामले की जांच कर रही थी। मुनि की रेती थाना पुलिस को शनिवार देर रात शिवपुरी में गंगा घाट से एक नव विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के उसियाना निवासी हिमांशु पचौरी और नंदिनी घूमने के लिए शिवपुरी आए थे। दपंती गंगा किनारे कैंप में ठहरे थे। हिमांशु ने पुलिस को बताया कि रात करीब 11 बजे वह और उसकी पत्नी नंदिनी घूमने के लिए गंगा घाट पर निकले थे। नंदिनी ने उसे दुकान से फ्रूटी लाने के लिए कहा। इस दौरान वह, नंदिनी और उनकी बहन वीडियो कॉल के माध्यम से एक दूसरे से बात कर रहे थे। अचानक उसने वीडियो कॉल के दौरान नंदिनी के चीखने की आवाज सुनी। बताया कि वह दौड़ते हुए गंगा घाट की ओर आया, लेकिन उनकी पत्नी नंदिनी कहीं नजर नहीं आई। घाट के पास एक पत्थर पर उनकी पत्नी का मोबाइल और किनारे पर चप्पल पड़ी मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के डूबने या जंगली जानवर के हमले की आशंका को केंद्र में रखते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। हालांकि मौके पर किसी जंगली जानवर के पैरों के निशान नहीं मिले थे। बताया कि एसडीआरएफ की टीम गंगा में युवती की तलाश कर रही थी। सोमवार को नंदिनी के जीजा ने पुलिस को सूचना दी की वह फिरोजाबाद स्थित अपने घर पर पहुंच गई है।

# युवक का अपहरण कर बंधक बनाने वाले चार बदमाश पकड़े

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी से नानकमत्ता घूमने जा रहे युवक का पुरानी रंजिशन लालकुआं से अपहरण कर 7 घंटे तक बंधक बनाने वाले चार बदमाशों की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जबकि उनका एक साथी मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी निवासी प्रियांशु सती, इसकी बहन यीशु सती, आदित्य जोशी और ऋषभ सिंह घूमने के लिए नानकमत्ता जा रहे थे। जिन्हें लालकुआं में कुछ युवकों ने घेर लिया। नरूला होटल के सामने से दो मोटर साइकिलों से पीछा कर रहे कुछ युवकों ने ऋषभ का कैमरा छीन लिया एवं हल्द्वानी की ओर मोटरसाइकिल से भाग रहे प्रियांशु सती का पीछा कर उसे आकृति स्टोन क्रेशर वाली रोड में दबोच कर टांडा के जंगल में ले गए। जहां उसके हाथ पांव बांधकर 7 घंटे तक बंधक बनाया। उसी दौरान सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने अपहृत युवक एवं आरोपियों को मौके से ही दबोच लिया। इस दौरान एक आरोपी भागने में सफल हो गया, जबकि 4 को पकड़ने में पुलिस कामयाब हो गई। इधर पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी लालकुआं संगीता ने बताया कि पुलिस ने आरोपी गौरव तिवारी उर्फ गोलू, ललित मोहन निवासी हल्दूचौड़, मनोज जोशी पुत्र अंबर दत्त जोशी निवासी दौलिया डी क्लास, विवेक वर्मा पुत्र पूरन लाल निवासी दुर्गापालपुर एवं एक नाबालिग किशोर को मौके से गिरफ्तार कर लिया, तथा इनके द्वारा लूटा हुआ कैमरा भी बरामद कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि एक आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया है। पीड़ित की बहन यीशु सती द्वारा दी गई तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया। आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में पुलिस क्षेत्राधिकारी संगीता, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीआर वर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक हरेंद्र नेगी, उपनिरीक्षक गुरविंदर कौर, कांस्टेबल तरुण मेहता, आनंदपुरी, सुरेश प्रसाद, चंद्रशेखर, प्रदीप, अनिल शर्मा और दयाल नाथ शामिल थे। पता चला है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।




### सूचना

वाणिज्य कर विभाग से हमारी फर्म को जारी 126 फार्म 16 UKVATA2007-2080426, 2422450, 2459315, 2089285, UKVATB2009-186656, 186696, 186699, 186723, 186725, 186748, 186774, 186782, 186785, 186792, 186820, 189387, 189402, 189409, 189423, 189471, 189538, 189539, 189540, 367008, 367077, 191904, 191913, UKVATK-201016, 40228, 1640235, 1640251, 1640263, 1640267, 1640269, 1640271, 1640349, 1640353, 1640367, 1640402, 605658, 606917, 606835, 606853, 606983, 35992, 35915, 35928, 46319, 46418, 46420, 331536, 502614, 502656, 2391435, 2391473, 2391475, 2391549, 2391560, 2391576, UKVATD2009-646102, 646149, 646168, 646191, 646251, 1497180, 1497240, 1497266, 1497269, 1497258, 186069, 186111, 186134, UKVATM2012-282414, 1461781, 1462026, 1462029, 1462057, 1478955, 1774401, 1774493, 1774514, 1774533, 3265366, 3265387, 4004317, 4004921, 4733862, 4733881, 4733953, 4733957, 4942046, 4942054, 4942077, 4944177, 4944208, 4944210, 4944262, 4975572, 4975601, 5813197, 5813211, 5813215, 5813238, 7011900, 7016030, 7016086, 7016111, 7396882, 7396899, 7396900, 7396901, 7400183, 7400203, 7400211, 7400221, 7400222, 8322557, 8322562, 8322565, 8322573, 8322578, 8322580, 8322581, 8322583, 8322584, 8322587, 8322598, वास्तव में खो गये हैं। जिनका प्रयोग अवैध होगा।

M/s Yazaki India Pvt. Ltd. (Earlier known as (i) M/s Tata Yazaki Autocomp Ltd. (ii) Yazaki India Ltd.) Plot No. 78, Sector-11, Tata Vendor Park, Pantnagar.










## विधायक सुमित हृदयेश का बयान हास्यास्पद: रावत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने विधायक सुमित हृदयेश के बयान को हास्यापद बताया है जिसमें उन्होंने कहा कि सदन में विपक्ष की आवाज राज्य सरकार दबा रही है। उन्होंने कहा कि स्वयं पूरे प्रदेश की जनता ने देखा कि किस प्रकार विपक्ष के विधायक विधानसभा की सम्मानित महिला अध्यक्षा पर किस प्रकार प्रहार कर रहे थे और उनसे अभद्रता कर रहे थे वास्तव में स्थिति यह है कि पूरे देश व प्रदेश में जनता द्वारा नकार दिये जाने के बाद कांग्रेस के लोग अपना विवेक खो बैठे है और इस प्रकार के पागलपन की हरकते कर रहे है। प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत ने कहा कि एक वर्ष तक स्थानीय विधायक ने कुछ नही किया है उनका मकसद महज सुनियोजित विकास में बाधा पहुचाना है। उन्होंने कहा एक तरफ विधायक विधानसभा क्षेत्र में कैथ लैब स्थापित करने, ड्रैनेज सिस्टम स्थापित करने के लिए 650 करोड़ रूपये देने के लिए सरकार का आभार व्यक्त कर रहे है और दूसरी ओर सरकार की आलोचना भी कर रहे है। प्रकाश रावत ने कहा कि सरकार ने 57 करोड़ रूपये काठगोदाम में बस अड्डे के लिए दिये है। उन्होने कहा कि जब जब उत्तराखण्ड में कांग्रेस की सरकार आयी है विकास कार्यों में लूट खसोट के सिवा कुछ नही हुआ। स्वयं इनके पूर्व मुख्यमन्त्री वीडियो में लेन देन की बात करते हुए दिखाई दिये। प्रकाश रावत ने कहा कि प्रदेश के युवा मुख्यमन्त्री प्रदेश के सुनोयोजित विकास के लिए रात दिन मेहनत कर रहे है। कांग्रेस के जमाने से फैले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम कर रहे है। उन्होने कहा कि मुख्यमन्त्री जो घोषणाए करते है उनका अनुपालन भी सुनिश्चित करते है। उन्होंने कहा कि आज तक भर्तीयो में घोटाले होते रहे है। पहली बार दृढ़ संकल्प शक्ति के साथ युवा मुख्यमन्त्री ने सबसे सशक्त नकल कानून लगाया है प्रदेश में धर्मान्तरण विरोधी कानून, समान नागरिक कानून जैसे सख्त कानून बनाये गये है प्रदेश में जो कांग्रेस के जमाने में गुंडाराज चलता था उसे खत्म किया गया है। कांग्रेस के राज में महज झूठी घोषणाए होती थी व अनुपालन नही होते थे। प्रकाश रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में गब्बर सिंह टैक्स कांग्रेस के जमाने में देना पड़ता था और उसी गब्बर सिंह टैक्स से कांग्रेस के लोगो ने अकूत धन सम्पदा बनाई है। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं से विधानसभा में अपने अमर्यादित आचरण पर माँफी मागने के लिए कहा।



## पहले ही लिखी जा चुकी थी व्यापारियों को उजाड़ने की पटकथा: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के प्रवक्ता आशीष छाबड़ा ने जारी बयान में कहा कि 125 दुकानों को हटाए जाने की पूरी योजना विगत 21 फरवरी को विधायक शिव अरोरा के बीच तय हो चुकी थी। विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पर हुई इस बैठक में विधायक शिव अरोरा और एन 74 के अधिकारियों के बीच इंदिरा चौक से बस अड्डे तक के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण सहित सर्विस लाईन का खाका तैयार हो चुका था। छाबड़ा ने सवाल उठाया कि फिर आखिर क्यों विधायक शिव अरोरा व्यापारियों को न उजाड़े जानें का आश्वासन देते रहे। आखिर क्यों व्यापारियों को अतिक्रमण हटाए जाने से एक दिन पूर्व शाम तक विधायक शिव अरोरा व्यापारियों को आश्वासन देते रहे कि दुकानों को नहीं टूटने दिया जाएगा। छाबड़ा ने कहा कि यदि विधायक अरोरा चाहते थे कि 50 वर्षों से बसे व्यापारी न उजड़े तो आखिर उन्होनें मुख्यमत्री पुष्कर सिंह धामी या प्रभारी मंत्री गणेश जोशी को रुद्रपुर की पूरी वस्तुस्थिति की जानकारी क्यों नहीं दी। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी को गैरसैंण में रहते हुए व्यापारियों के हित में कोई ज्ञापन क्यों नहीं सौंपा। विधायक ने विधानसभा को क्यों अवगत नहीं करवाया कि ये 125 व्यापारी 50 वर्षों से वहां रोजगार कर अपने परिवार को पाल रहे हैं। यदि वह पूर्व में तय कर चुके थे कि दुकानों को हटाना ही एकमात्र विकल्प है तो व्यापारियों को उनके प्रतिष्ठानों की चाबियां लेते समय स्पष्ट क्यों नहीं किया कि शासन, प्रशासन, निगम आपके पुनर्वास की योजना बना रहा है। आप अपना सामान निकाल कर स्थान खाली कर दें। आशीष छाबड़ा ने कहा कि विधायक शिव अरोरा दोनों हाथों में लड्डू रखना चाहते थे जिस कारण व्यापारियों को भारी तबाही का सामना करना पड़ा। छाबड़ा ने नगर निगम से ठोस योजना बनाकर व्यापारियों के पुनर्वास की मांग की है। साथ ही ठेला फड़ व्यवसाइयों को भी वेंडिंग जोन में रोजगार देने की अपील की है।



## धूमधाम से मनाया ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का जन्मोत्सव

शक्ति फार्म(उद संवाददाता)। युग पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का 135 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठाकुर अनुकुलचंद्र की भव्य झांकी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई।विभिन्न क्षेत्र से आए अनुयाई धर्मगुरुओं ने अनुकुल चन्द्र के जीवन एवं उनके दिव्य वाणी पर विस्तृत प्रकाश डाला। सत्संग उत्सव कमेटी के तत्वधान में टैगोर नगर रोड स्थित सत्संग स्थल में आयोजित ठाकुर अनुकूल चंद्र जी 135 वा जन्मोत्सव रविवार प्रात: 5.30 बजे उषा कीर्तन से शुरू हुआ।6.16 बजे समवेत प्रार्थना तत्पचात अमिय ग्रन्थादि पाठ का आयोजन हुआ। प्रात: 9 बजे काफी संख्या मे महिला, पुरुष अपने पारम्परिक परिधानों मे ठाकुर अनुकुल चन्द्र की भव्य झांकी की विशाल शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा सत्संग स्थल से शुरू होकर सुभाष चौक ,मुख्य बाजार से होता हुआ वापस सत्संग स्थल पर पहुंचा। मातृ सम्मेलन ,संगीत अनुष्ठान ,साधारण सभा,का आयोजन हुआ। विभिन्न स्थानों से पहुंचे ठाकुर के अनुयाई व धर्मगुरुओं ने ठाकुर के अनुकूल चंद्र के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। शाम 6:17 बजे संध्या प्रार्थना के उपरांत धर्म ग्रन्थादि पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन हुआ ।इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



## मनमोहन वर्मा विहिप प्रखंड अध्यक्ष और सन्दीप गुम्बर मंत्री बने

गदरपुर(उद संवाददाता)।नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व व्यापारी मनमोहन वर्मा को विहिप प्रखंड अध्यक्ष और सन्दीप गुम्बर प्रखंड मंत्री चुने गये। विश्व हिंदू परिषद द्वारा वही प्रदेश संगठन मंत्री अजय,विभाग संगठन मंत्री उमाकांत ,प्रदेश धर्म प्रसार प्रमुख विनोद फोगाट जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह जिला मंत्री राजेंद्र मेहरा की गरिमामय उपस्थिति में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किच्छा में किया गया जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कार्यकर्ताओं को नवनियुक्त पदों से सुशोभित करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गई। इसी के तहत गदरपुर क्षेत्र के विहिप वरिष्ठ कार्यकर्ता मनमोहन वर्मा को प्रखंड अध्यक्ष व संदीप गुंबर को प्रखंड मंत्री बनाया गया इस खबर से विहिप कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है और कार्यकर्ताओं द्वारा जय श्रीराम के नारे लगाते हुए अपने पदाधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। वही नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के वरिष्ठ जन का धन्यवाद कर आभार प्रकट किया।बधाई देने वालो में नरेश हुड़िया,गुंजन सुखीजा, अतुल पांडेय,अभिषेक वर्मा, सुरेश खुराना,मिन्नी गुम्बर,हरीश जेटली, पंकज सेतिया,राकेश भुड्डी,सुभाष गुम्बर सहित आदि मौजूद रहे।



## रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए छात्राओं का हुआ प्लेसमेंट

काशीपुर(उद संवाददाता)। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के 'कैरियर काउन्सलिंग एवं प्लेसमेन्ट सैल' की ओर आयोजित ड्राइव में एनआईआईटी के प्रतिनिधियों द्वारा आईसीआईसीआई बैंक के माध्यम से रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए पात्रता मापदंड के आधार पर प्रवेश परीक्षा एवं साक्षात्कार कराया गया, जिसमें बी0ए0 एवं बी0कॉम0 तृतीय वर्ष की 51 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस चयन प्रक्रिया में दिव्याशी सिंह, चेतना मिश्रा, निशु अरोरा, योगिता चौहान, वंशिका रावत, सबीहा गुफरान, सृष्टि पोखरियाल, जया शर्मा, मनमीत कौर, नेहा राठौर, मिताली शर्मा चयनित हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 कीर्ति पन्त व प्रबन्ध समिति द्वारा छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की डॉ0 रमा अरोरा, डॉ0 दीपा चनियाल, श्रीमती



शीतल अरोरा, डॉ0 ज्योति रावत, डॉ0 अंजलि गोस्वामी, डॉ0 रंजना, डॉ0 ज्योति गोयल आदि उपस्थित रहे।




## सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर को हराकर आईजीएल काशीपुर फाइनल में

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में प्रथम सर्विसेस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच आईजीएल काशीपुर और सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर के मध्य मौर्य क्रिकेट ग्राउंड गदरपुर में खेला गया। आईपीएल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईजीएल काशीपुर की पूरी टीम 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 193 रन बनाए। आईजीएल की तरफ से ललित राजपूत ने 66, अमित यादव ने 50 ,सुरेंद्र सिंह ने 48 रनों का योगदान दिया। सीनियर क्रिकेटर की तरफ से एमपी सिंह, राजेंद्र और योगेश ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर की टीम 8 विकेट खोकर 192 रन बना सकी और मात्र 1 रन से प्रथम सर्विस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने से वंचित रह गई। सीनियर क्रिकेटर की तरफ से राजेश कुमार ने 42, पवन आजाद ने 50 और राजेंद्र सिंह ने 26 रनों का योगदान दिया। आईजीएल काशीपुर की तरफ से चंदन सिंह ने 3 अमित यादव ने 2, कुंदन और सुशांत ने एक-एक विकेट लिए। इस रोमांचक मुकाबले में सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर को आखिरी ओवर में 16 रनों की आवश्यकता थी सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर की तरफ से राजेंद्र ने काफी हद तक प्रयास किए एक छक्के और एक चौके की बदौलत काफी नजदीक मैच को ले आए परंतु मात्र 1 रन से सीनियर क्रिकेटर रुद्रपुर हार गई। आईजीएल काशीपुर ने प्रथम सर्विस क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के फाइनल में में अपनी जगह पक्की कर ली। शानदार खेल के लिए आईजीएल काशीपुर के अमित यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच के अंपायर सत्येंद्र मिश्रा और तरुण आर्य ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशाकर द्वारा की गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आईजीएल काशीपुर के उपाध्यक्ष मधुप मिश्रा के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर इमरान ,बलवंत सिंह




,इंद्रनील कर, नूर आलम, गौरव तिवारी आफताब आलम ,राहुल पवार जितेंद्र छाबड़ा तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच एसएसपी इलेवन और अशोक लीलैंड काशीपुर के मध्य खेला जाएगा।

# श्री कृष्ण व रूकमणी के विवाह की कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री वैष्णो देवी मंदिर, श्री वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी जी के स्थान) आदर्श कालोनी में माँ हसेश्वरी भारती जी महाराज के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास श्री नारायण चौतन्य जी महाराज ने संगीतमय भागवत सुनाते हुए भक्तो को भगवान श्रीकृष्ण की रास लीला की कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने जब अपनी वेणु बजाई तो सभी गोपियां श्री कृष्ण के प्रेम में बावरी हो गयी और बंसी की आवाज सुनकर जो गोपी जिस अवस्था मे भी अपनी सुध-बुद्ध खोकर भगवान की तरफ खिची चली आई। श्रीकृष्ण की रास लीला की कथा सुन कर कथा में पहुंची संगत श्री कृष्ण के प्रेम में भाव विभोर हो गयी। इसके बाद कथा व्यास जी ने कंस वध का वृतान्त सुनाया। व्यास जी ने जब रुकमणी विवाह का प्रसंग भजनो के साथ श्रद्धालुओं को सुनाया तो कथा में उपस्थित सारी संगत ने नाच-गाकर भगवान श्रीकृष्ण व रूकमणी विवाह का





आनन्द प्राप्त किया और बधाई दी। श्रीमद भागवत कथा आयोजित होने से इन दिनों वैष्णो देवी मंदिर में तीर्थधाम जैसा नजारा दिख रहा है। मंदिर में श्रीमदभागवत कथा सुनने सैकड़ो श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। भगवान के जयकारे लगातार लग रहे है। कथा व्यास जी ने कहा किं मनुष्य को सदैव अपनी इन्द्रियों को नियंत्रण में रखना चाहिये तथा मनुष्य को तन से नहीं मन से सुन्दर बनना चाहिये क्योंकि भगवान को भी सुन्दर मन पसन्द है। भागवत कथा के छठे दिन कथा के मजमान एडवोकेट राजीव ग्रोवर व उनकी धर्मपत्नी प्रीति ग्रोवर तथा राजेश आनंन्द व उनकी धर्मपत्नी जया आनन्द रहे। जिनके द्वारा श्रीमद भागवत कथा का पूजन कराया गया तथा माँ हंसेश्वरी भारती जी महाराज (पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाली देवी जी) का माल्यार्पण व कथा व्यास श्री नारायण चौतन्य जी महाराज का आर्शीवाद प्राप्त किया। कथा के छठे दिन मंदिर पर कैलाश चन्द्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, धर्मवीर सुखीजा, सुभाष गगनेजा, कुन्दन लाल अग्रवाल, सतनाम सिहं पप्पू, कपिल डियू, राजीव घई, लक्ष्य शर्मा, मंगल ग्रोवर, जगदीश अरोरा, श्याम खुराना, प्रेम प्रकाश कक्के, भजन प्रकाश अरोरा आदि उपस्थित रहे तथा महिलाओं में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की माता श्रीमति दर्शना दुकराल, नूतन मिश्रा, रिम्पी ठुकराल, सुनीता अरोगा, निर्मला आनन्द, कचन, सीमा, उपासना घई व गोपीनाथ मंदिर मॉडल कालोनी की स्त्री सत्संग प्रभा से सुरक्षा बधवार, सुमन चोपड़ा व अन्य महिलायें उपस्थित रही।

## पुण्यतिथि पर रऊफ सिद्दीकी को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता) सपा नेता शहीद अब्दुल रऊफ सिद्दीकी की 25वीं पुण्यतिथि को सैकड़ो लोगों ने सपा उत्तराखण्ड प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के कार्यालय लाइन नम्बर 17 आजाद नगर में संकल्प दिवस एवं एकता दिवस के रूप मे मनाई गई। शहीद अब्दुल रऊफ सिद्दीकी के बड़े भाई सपा उत्तराखण्ड प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने उनके चित्र पर अपने साथियों के साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मतीन सिद्दीकी ने कहा कि 25 वर्ष पूर्व आज ही के दिन कुछ लोगों ने भाई अब्दुल रऊफ सिद्दीकी की लखनऊ जाते हुये ग्राम जाधवपुर थाना भोजपुरा के अन्तर्गत उनकी कार पर अन्धा-धुन गोलियां चलाकर उनकी हत्या कर दी थी। जिसमे उनके साथी ठाकुर चन्द्र मोहन सिंह एवं दो पुलिस गनर गोलिया लगने से बुरी तरह घायल हो गये थे। तब उनके साथ त्रिलोक बनौली ने बड़े साहस का परिचय देते हुये सभी लोगो



को अस्पताल पहुंचाया। जहां से भाई अब्दुल रऊफ सिद्दीकी हम सब लोगो को छोड़कर इस जहां से अलविदा कह गये। वह दर्दनाक मंजर आज भी लोगो के जहन में जिन्दा है। अब्दुल रऊफ सिद्दीकी ने अपने जीते-जी कभी भी किसी पर कोई अन्याय नहीं होने दिया, चाहे वह किसी भी वर्ग या धर्म का हो। अब्दुल रऊफ सिद्दीकी ने हमेशा आपसी भाईचारे को बढ़ावा दिया। श्री सिद्दीकी ने कहा कि भाई अब्दुल रऊफ सिद्दीकी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सब देश से आपसी घृणा समाप्त करने का प्रयास करें।श्रद्धांजलि देने वालों में त्रिलोक बनौली, जावेद सिद्दीकी, अरशद अय्यूब, रेहान कुरेशी, जाहिद बाबा, तारा ठाकुर, शरीफ अहमद, अलीम अंसारी, तसकीन अहमद, पप्पू भाई, मारूफ जावेद, वकार अहमद, मनसूब सिद्दीकी, उमैर मतीन, इसलाम मिकरानी, समी वारसी रिजवानसईद अहमद, जावेद मिकरानी, उसमान अंसारी, रेहान मलिक, नजीर, फुरकान, जावेद अध्यड, हिना यादव आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर पुरस्कार वितरण के साथ हुआ संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय रुद्रपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी, लेखिका एवं पंजाबी महासभा की पूर्वअध्यक्षा डा. रचना अरोरा उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा.कुलविंदर कौर एवं प्रबंधक भी उपस्थित थे। समापन दिवस का शुभारंभ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस मौके पर स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उसके उपरांत जिन बच्चों ने गायन, नृत्य एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया था उनको मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा पुरस्कृत किया गया। छात्राएं गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मान्य खुराना, द्वितीय स्थान पर काजल कौर तथा तृतीय स्थान पर रश्मि तिवारी को पुरस्कृत किया गया।



नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर गोसाई, तृतीय स्थान पर रूबी बाला को पुरस्कृत किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय काजल कौर तृतीय स्थान में सोनी गुप्ता को पुरस्कृत किया गया। समापनन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. रचना अरोड़ा ने छात्राओं के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना वह पथ है, जिसमें एक छात्र अपने जीवन को अनुशासित रूप में व्यतीत करता है और समाज की सेवा करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना की श्रेष्ठ छात्रा के रूप में निकिता सिंह को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय की अध्यापिका डा.ज्योति, डा. शिल्पा, डा. चम्पा, डा.नीमा, डा. रजनी, डा. श्वेता, डा.रेखा पनेरू आदि उपस्थित थी।

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित हुए डा. कपिल शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट का द्विवार्षिक सम्मेलन होटल उदय रेजीडेंसी में संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट रहे जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला प्रभारी पुष्कर काला और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिष्ठित उद्योगपति विजय भूषण गर्ग ने की । इस अवसर पर जिला



अध्यक्ष भूपेश छिम्वाल ने चिकित्सा एवं समाहित में किये गये सराहनीय कार्यो के लिए प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. कपिल शर्मा को मंच पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और डॉ कपिल शर्मा के कार्यों की सराहना की। नैनीताल जिले के जिला महासचिव पूरन रूजी ने डॉ शर्मा द्वारा कोरोना काल में किए सेवा भाव का मंच पर उल्लेख किया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त गणमान्य लोगों ने भी डॉ शर्मा के कार्यों की सराहना की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन के जोगेन्द्र अध्यक्ष और राजेश मंत्री निर्वाचित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन रूद्रपुर शाखा का चुनाव चुनाव प्रभारी करील अख्तर, कुंदन सिंह मेहता एवं सतीश लाल की देखरेख मे सम्पन्न हुए। जिसमे अध्यक्ष पद हेतू जोगेन्दर सिंह और सचिव पद पर राजेश मोहन जौहरी निर्विरोध चुने गये। संपूर्ण कार्यकारिणी के हुए चुनाव में जोगेंदर सिंह शाखा अध्यक्ष, राजेश मोहन जौहरी मंत्री, मनदीप सिंह उपाध्यक्ष प्रथम,



सुनील भटनागर उपाध्यक्ष द्वितीय, गुरुचरण सिंह संयुक्त मंत्री, प्रतिविन्दर सिंह लेखा परीक्षक, सूबा सिंह प्रचारमन्त्री एवं मीडिया प्रभारी, रघुवीर सिंह क्षेत्रीय प्रतिनिधि तथा गुरनाम सिंह प्रान्तीय प्रतिनिधि सर्व सम्मति से निर्वाचित किये गये। चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। चुनाव अधिकारियों ने शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने पर सभी को बधाई दी।

## सेवाएं समाप्त करने पर चिकित्सा कर्मियों में रोष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।कोविड काल मे राजकीय मेडिकल कालेज, सुशीला तिवारी, बेस हॉस्पिटल में लगे कर्मचारियों की सेवा समाप्त होने पर सरकार का विरोध किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि पूर्व में जब 6 माह तक धरना प्रदर्शन किया गया उसके बाद 6 माह के लिए सरकार द्वारा रखा और आस्वाशन



दिया गया था कि 6 माह के भीतर कर्मचारियों को समायोजन किया जाएगा । 15 मार्च के बाद पुन: कोविड कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी है। कर्मचारियों ने विधायक सुमित से मुलाकात कर उनको ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्षआकाश रावत, अध्यक्ष मंजुल राणा, कोषाध्यक्ष विनोद पांडे, सचिव योगेश बिष्ट, मीडिया प्रभारी संजय पांडे, राहुल आर्या, पंकज राणा, महेश आर्य, नवीन बेलवाल, महेश, मनीषा, ज्योति, राधा मेर, कुमुद, अंकित यादव आदि लोग मौजूद थे।ा

## राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी की कार्यकारिणी की विस्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय वाहिनी संघ उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुरेश चंद शर्मा के नेतृत्व में आयोजित आम सभा में राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी की कार्यकारिणी की विस्तार हुआ ।संगठन में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चंद शर्मा की सहमति से संरक्षक बीडी शर्मा,आचार्य गेंदालाल शर्मा, प्रदेश महासचिव उत्तराखंड कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष उधम सिंह नगर, नितिन कौशिक, जिला महामंत्री उधम सिंह नगर डॉ तुलसीराम,जिला सचिव उधम



सिंह नगर रागिनी मिश्रा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उधम सिंह नगर सरिता शर्मा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा महिला उधम सिंह नगर सुनील शर्मा, जिला महासचिव बाबूराम राठौर मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, जिला महासचिव बीपी मिश्रा, जिला सलाहकार सीएल शुक्ला, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष पंडित रामेश्वर दयाल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष श्वेता मिश्रा, खटीमा नगर अध्यक्ष पार्वती शर्मा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता शर्मा ,राहुल सैनी ,विशाल भारद्वाज, सतीश, राजनाथ तिवारी,ऋषि भारद्वाज आदि शामिल थे।

## मुखर्जीनगर में महानाम संकीर्तन 23 मार्च से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राधा कृष्ण महानाम संकीर्तन सभा द्वारा पिछले 24 वर्षों से आयोजित किया जा रहा श्री श्री अखण्ड महानाम संकीतन इस वर्ष भी आयोजित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 23 मार्च दिन बृहस्पतिवार को प्रात: 9 बजे कलश यात्रा प्रारम्भ होगी एवं रात्रि 8 बजे अधिवास होगा। 24मार्च दिन शुक्रवार को प्रात: 6 बजे से हरिनाम संकीर्तन प्रारम्भ होगा जिसका समापन 27 मार्च दिन सोमवार को प्रात: 6 बजे किया जायेगा। हरिनाम संकीर्तन करने के लिए डुगली कोलकाता की गीता श्री सम्प्रदाय, मियापुर उत्तर प्रदेश की राधे राधे सम्प्रदाय, मालकानगिरी, उडीसा की घनश्याम सम्प्रदाय, अमृतनगर नम्बर दो दिनेशपुर की श्री श्री श्री गोपाल सम्प्रदाय, दिनेशपुर की राधा कृष्ण सम्प्रदाय तथा पिपलिया की राधारमन सम्प्रदाय कीर्तन मंडलियां पधार रही हैं। आयोजकों ने सभी जनता से आयोजित श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन में सपरिवार पहुंचकर पुण्य के भागीदार बनने की अपील की है।

# कनस्तर बजाओ,बंदर भगाओ:भगतदा

## भगत सिंह कोश्यारी ने किये बाबा बागनाथ के दर्शन,पहाड़ में रिवर्स पलायन के लिए होगा काम

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले के भ्रमण पर आए पूर्व सीएम व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने बाबा बागनाथ के दर्शन किए। पूजा अर्चना के बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करने के लिए कार्य करें। आने वाला समय युवाओं का है। उन्होंने कहा कि वह अब पहाड़ के रिवर्स पलायन के लिए कार्य करेंगे।महाराष्ट्र की तर्ज पर देवभूमि में आत्मनिर्भर भारत का सपना सजोया जाएगा, पर्यावरण संरक्षण के साथ सभी जगहों में पलायन रोकने के लिए बागवानी, पशुपालन, सहित अन्य पारंपरिक घरेलू कार्यो से कर्षि और उद्यान क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जाएगा। सरकार की योजनाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है इसकी





जानकारी लोगों की दी जाएगी। चार साल में उत्तराखंड को हिमाचल से आगे ले जाने का प्रयास होगा। राज्य देवभूमि के नाम से विश्व विख्यात है अतिथि देवो भव: की नीति पर राज्य को सतयुग की तरह ईमानदार और देव सँस्कृति के लिए विश्व क्षेत्र में अलग ही स्थान दिया गया है,कार्यालय में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करत हुए कोश्यारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की मंशा है कि उत्तराखंड का युवा महानगरों में नौकरी करने के बजाए अपने घर में रोजी-रोटी पैदा करे। यहां की मिट्टी में सबक कुछ पैदा होता है। जरूरत दृण संकल्प की है। किवी, आम, सेब, सब्जी, मत्स्य, फूल तथा दुग्ध उत्पादन से यहां के गांव दोबारा आबाद हो जाएंगे। 80 प्रतिशत सरकार कार्य कर रही है। 20 प्रतिशत कार्य हमने करना है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र व उत्तराखंड में दो बातों की समानता है। उत्तराखंड को देवभूमि तो महाराष्ट्र को संत भूमि कहा हता है। इसके अलावा दोनों प्रदेशों के लोग सरल होते हैं। बोली भाषाओं में भी काफी मेल है। उन्होंने किसानों को बंदर भगाने का आसान तरीका बताया। कहा कि कनस्तर बजाओ बंदर भगाओ। इससे पहले उन्होंने बागनाथ मंदिर में जाकर पूजा की और जलाभिषेक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण ने तथा संचालन संजय परिहार ने की। इस मौके पर जिपं अध्यक्ष बसंती देव, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया,पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, एड कुंदन परिहार, शिव सिंह बिष्ट, विक्रम शाही,गोविन्द टँगड़िया, ब्लाक प्रमुख पुष्पा देवी गरुड़ प्रमुख हेमा बिष्ट, किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री डा. राजेन्द्र परिहार,एड गोविन्द भंडारी, नंदन लाल,मथुरा प्रसाद,जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश शाह सहित विभिन्न मोर्चो के पदाधिकारी मौजूद रहे।






## एसएसपी ने चोरगलिया और मुखानी थानों का किया वार्षिक निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संबाददाता),। एसएसपी पंकज भट्ट ने थाना चोरगलिया तथा मुखानी का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों थाना परिसरों का भ्रमण कर भवनों व कार्यालयों का जायजा लेकर कई निर्देश



दिए। निरीक्षण में आगमन पर थानों की सलामी गार्द द्वारा एसएसपी का अभिवादन किया गया। एसएसपी ने महिला सुरक्षा के दृष्टिगत थानों में बनाए गए हेल्पडेस्क का निरीक्षण कर, रजिस्टरों और हेल्पलाइन नंबर से प्राप्त समस्याओं और शिकायतों पर पुलिस रिस्पॉन्स का आंकलन किया।थाना कार्यालयों को चेक किया गया। थाना मुखानी में डाक कार्यालय में अभिलेखों के अच्छे व सुव्यवस्थित रख रखाव के लिए कानि. अनूप तिवारी को पुरस्कृत करने को कहा। उन्होंने थानों के अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। सीसीटीएनएस कक्ष में कनेक्टिविटी और ऑनलाइन अंकन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही थानों के मालखने का जीपी लिस्ट से मिलान किया। एमवी एक्ट में सीज किए गए वाहनों की जांच कर लंबित वाहनों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने थानों के शस्त्रागार में आवंटित शस्त्रों और उपकरणों का परीक्षण कर अधिकारियों/ कर्मचारियों से वेपन हैंडलिंग करवाई साथ ही शस्त्रों से संबंधित तकनीकी जानकारी भी ली।थानों में नियुक्त सभी विवेचकों का आदेश कक्ष लेकर लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने थानों में नियुक्त कर्मचारियों का सम्मेलन लिया तथा समस्याओं का निराकरण किया। इस दौरान मुखानी व चोरगलिया थानों में जनसंवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। निरीक्षण के दौरान हरबंस सिंह, एसपी सिटी हल्द्वानी, श्रीमती संगीता सीओ लालकुआं, भूपेंद्र सिंह धौनी सीओ हल्द्वानी,भगवान महर थानाध्यक्ष चोरगलिया, रमेश बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी, चंद्रशेखर भट्ट, आशुलिपिक, दान सिंह मेहता वाचक एसएसपी समेत थानों के अधिकारी/कर्मी मौजूद रहे।

## सर्वे भवन्तु सुखिन: की भावना से करें सतत विकास:नेगी

रामनगर(उद संवाददाता)। यह बात राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.ओमप्रकाश सिंह नेगी ने कही।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं कल्याण में निरन्तरता के लिए सर्वे भवन्तु सुखिन: की भावना से कार्य करें।प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर नियंत्रण करना होगा,वृक्ष नहीं




होंगे तो हमें शुद्ध प्राणवायु कैसे प्राप्त होगी।वैश्विक सन्दर्भ में स्वास्थ्य एवं कल्याण की सततता हेतु हम सभी को एकजुटता से प्रयास करने होंगे।पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में दो दिन से आयोजित हो रही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हो गया है।संगोष्ठी में कुल 103 शोध पत्रों में से 73 शोध प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. एम.सी.पाण्डे ने की।इससे पूर्व सम्मान समारोह में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया जिनमें प्रो.बी.सी.उप्रेती,प्रो. आई.एस.नाईक,प्रो.सी.एस.मेहता,प्रो.बी.डी.दानी,प्रो.बी.एम.गुप्ता,प्रो.डी.के. पनेरू,प्रो.एल.डी.पलड़िया,प्रो.बसन्त बल्लभ लोहनी को अंगवस्त्र व समृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।इस संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. निवेदिता अवस्थी ने सभी का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।मंच संचालन प्रो.जी.सी.पन्त एवं डॉ.डी. एन.जोशी ने संयुक्त रूप से किया। संगोष्ठी में केन्द्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के प्रो.दिनेश चहल, एचएनबी केन्द्रीय विश्व विद्यालय गढवाल के प्रो.सुबोध कुमार, एमजेपीआरयू से प्रो.ए.के.मित्तल सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षाविदों, प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग कर शोधपत्र प्रस्तुत किए।संगोष्ठी में संगीत विभाग,एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

## भगत सिंह शहादत दिवस सप्ताह का शुभारम्भ

रामनगर (उद संवाददाता)। रचनात्मक शिक्षक मंडल की पहल पर एक सप्ताह तक चलने वाले भगत सिंह शहादत दिवस सप्ताह की ढेला से विधिवत शुरुआत हुई। बसंत कार्बेट रिजॉर्ट में दे बसंती चोला गाया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ब्लाक प्रमुख रेखा रावत ने बच्चों से भगतसिंह के विचार,जीवन व कार्यों से प्रेरणा लेने की बात कही।उन्होंने कहा 23 साल की उम्र बिष्ट,निकिता सत्यवली,ने बाजी मारी।सांयकालीन सत्र में मालधनचौड़ महाविद्यालय के शिवनाथपुर में चल रहे एन एस एस कैंप में भी शहिदों की याद में कार्यक्रम हुए।जिसमें पोस्टर मोके प र गौहर रजा निर्देशित फिल्म इंकलाब भी दिखाई गई।जिसमें भगतसिंह के क्रांतिकारी गतिविधियों को फिल्माया गया है।आजादी के आंदोलन के दौर की जानकारी देने वाले साहित्य





हुए कार्यक्रम की शुरुआत भगतसिंह के चित्र पर माल्यार्पण से हुई फिर उज्यावक दगडी टीम की ज्योति फर्त्याल,कोमल सत्यवली,आकांक्षा सुंदरियाल,श्वेता नेगी ने 1857 के विद्रोह का अजीमुल्ला खां द्वारा लिखित प्रयाण गीत हम हैं इसके मालिक,सरफरोशी की तमन्ना व मेरा रंग में हंसते हंसते फांसी का फंदा चूम लेने वाले भगतसिंह,राजगुरु,सुखदेव आज भी भारतीय समाज के सच्चे नायक हैं। सानिया अधिकारी,अजय कुमार, संदीप कोहली ने भगतसिंह के लेखों का वाचन किया। भगतसिंह का पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में संजना प्रतियोगिता में अंजली, दिव्य, अदिति खंतवाल, ईशा,आस्था, श्वेता, मधु, सलोनी, शिवानी, खुशी, गौरव चंदोला, तराना,शुभम, सचिन, पलक, अनीशा,भाषण प्रतियोगिता में यामिनी, प्रीति,तराना,मनीषा,मधु, अपर्णा चान्याल आस्था ने बाजी मारी।इस की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।सभी प्रतिभागियों को आजादी के आंदोलन से संबंधित साहित्य दिया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल, सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत,प्रो मनोज कुमार, मनोज रावत,नंदराम आर्य, सुभाष सिंह,रमेश अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री से मिले बेरोजगार अभ्यर्थी

बागेश्वर (उद संवाददाता)। बेरोजगारी और महंगाई के दौर में एएनएम भर्ती में वेरिफिकेशन में महंगा खर्च कर प्रदेश मुख्यालय में पहुंचने के बाद केवल 824 को नियुक्ति जबकि 600 शेष एएनएम को नियुक्ति नही मिल पाने से नाराज अभ्यर्थियों ने पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी,एवं मुख्यमंत्री के करीबी समझे जाने वाले युवा विधायक सुरेश गढ़ियाएवं कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि मनोज ओली को नियुक्ति की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, वही नियुक्ति में शेष बचे अभ्यर्थियों के लिए लंबे समय से नियुक्ति प्रक्रिया नही हो पाने से आयु सीमा पार कर चुके शेष अभ्यर्थियों को भी आयु सीमा में छूट देकर सरकारी नौकरी देने की मांग की,कहा कि सरकार द्वारा वेरिफिकेशन



के लिए देहरादून बुलाया गया, किंतु उनमेंसे सिर्फ 824 अभ्यर्थियोंको नियुक्ति पत्र देकर बाकी 600 को निराश किया,उन्होंने सरकार से तत्काल शेष एएनएम अभ्यर्थियों को नौकरी देने की मांग की, इस दौरान ज्ञापन देने वालों में अनिता भरड़ा, कमला कोरंगा,उमा भरड़ा,चम्पा कांडपाल,पूजा नितवाल, संगीता आर्या,हेमा और नेहा परिहार आदि थे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अलगाववादी ताकतों पर लगाम

पंजाब में खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह का पुलिस घेरे से निकल भागना कई सवाल खड़े करता है। पुलिस ने उसे पकड़ने का बहुत चुस्त बंदोबस्त कर रख था, उसमें वह उसके पास तक पहुंचने में कामयाब भी रही। अमृतपाल के कुछ सहयोगी तो पकड़े गए, मगर वह खुद फरार होने में कामयाब हो गया। बताया जा रहा है कि जब पुलिस उस तक पहुंचने ही वाली थी कि वह अपनी गाड़ी से निकल कर दूसरी गाड़ी में बैठा और पुलिस घेरे से निकल भागा। हालांकि पंजाब पुलिस के इस खोज अभियान की तारीफ की जानी चाहिए कि उसमें किसी तरह की हिंसा नहीं हुई और वह अमृतपाल के सहयोगियों को सहज ढंग से पकड़ पाई। मगर इस अभियान में जिस मुख्य व्यक्ति की तलाश थी, वह कैसे भाग निकला, इसका जवाब तो उसे देना होगा। अमृतपाल खुलेआम 'वारिस पंजाब दे' नाम का संगठन बना कर अलग खालिस्तान के लिए लोगों को उकसा रहा था। पंजाब में उसके बढ़ते प्रभाव का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले महीने जब उसके एक समर्थक को पुलिस ने गिरफ्तार किया तो हथियारों से लैस बड़ी संख्या में उसके समर्थकों ने अजनाला थाने पर हमला कर दिया और उस गिरफ्तार व्यक्ति को बाहर निकाल लिया। अजनाला की घटना के बाद से ही पंजाब पुलिस अमृतपाल को गिरफ्तार करने की योजना बना रही थी, मगर उसे कामयाबी नहीं मिल पा रही थी। आखिरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसमें दखल दी और उसकी गिरफ्तारी की योजना बनी। आशंका थी कि अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद लोग सड़कों पर उतर कर उपद्रव शुरू कर देंगे, जिसे संभालना मुश्किल होगा। दरअसल, अमृतपाल गुरु ग्रंथ साहिब की आड़ लेकर अपने आंदोलन को आगे बढ़ा रहा है, इस वजह से सिख समुदाय के लोगों को भावनात्मक रूप से अपने साथ जोड़ने में कामयाब हो पाया है। मगर पंजाब की बड़ी आबादी किसी भी रूप में फिर से अलगाववादी गतिविधियों को सिर उठाते नहीं देखना चाहती। अमृतपाल की गतिविधियों को किसी भी रूप में आंदोलन नहीं कहा जा सकता, वह अलगाववाद को उकसा रहा है। पंजाब पहले ही इस आग में बुरी तरह झुलस चुका है।मगर अमृतपाल जैसे लोग इसलिए पंजाब में इस चिनगारी को हवा देने में कामयाब होते रहे हैं कि उन पर ठीक से शिकंजा नहीं कसा जा सका। जबसे पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, अलगाववादी ताकतों ने खुल कर अपनी गतिविधियों को तेज कर दिया है। इसलिए स्वाभाविक ही पंजाब की नई सरकार पर अंगुलियां उठ रही हैं। अच्छी बात है कि अमृतपाल के पचहत्तर से अधिक समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया गया है और कुछ खतरनाक माने जाने वाले समर्थकों को असम की जेल में भेज दिया गया है। पुलिस अभी और लोगों की तलाश में जुटी है। इससे 'वारिस पंजाब दे' के जरिए खालिस्तान समर्थक गतिविधियों पर कुछ लगाम लग सकेगी। मगर जिस तरह अमृतपाल पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर या किसी भीतरी आदमी की मदद से निकल भागने में कामयाब हुआ है, उससे पंजाब पुलिस की मुस्तैदी और खालिस्तान समर्थकों पर शिकंजा कसने के इरादे पर सवाल बना रहेगा। आम आदमी पार्टी पर खालिस्तान समर्थकों के प्रति हमदर्दी रखने के आरोप लगते रहे हैं। यह आरोप विधानसभा चुनाव के समय ही लग गया था। ऐसे में अगर अमृतपाल जैसे लोगों की गिरफ्तारी में किसी तरह की चूक होती है, तो सवाल उस पर भी उठेंगे ही। उसे इस मामले में अपनी पक्षधरता स्पष्ट करनी होगी।

# प्रशासन की अनदेखी से खनन पट्टाधारकों के हौसले बुलंद

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिले को खड़िया खनन का हब कहा जाने लगा है, खड़िया खनन में जहा तहा खनन विभाग और जिला प्रशासन की अनदेखी से सुरक्षा मानकों की अनदेखी से खनन पट्टाधारकों के हौसले बुलंद है,आए दिन विभिन्न खानों में अनियमित्ता की शिकायत प्रशासन के सामने भी आती है, पर इसे अनदेखी समझा जाए या शासन में बैठे ऊंचे रसूख वालों द्वारा नियमों में अनदेखी के चलते आए दिन विभिन्न खानों में गड्ढे बनाकर गहरे गड्ढे बनाकर जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नही होती है, शनिवार की सुबह रीमा चौकी क्षेत्र में खान में बने गड्ढे में भूस्खलन से काम कर रहे मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गए,दुर्घटना में तीन लोग घायल हुए जिसकी सूचना जिला प्रशासन को दे दी गई, परंतु नजदीक पर स्थित पुलिस चौकी में इसकी सूचना देना उचित नहीं समझा गया। वही खान स्वामी द्वारा बनलेख स्थित चिकित्सा केंद्र में घायल मरीजों को आनन फानन में दिखाया गया, वही जिला अस्पताल दिखाने की बात कहकर घायलों को जिले से बाहर ले जाया गया, जिससे कि खान मालिक द्वारा पुलिस और प्रशासन को बताए बगैर अपनी मनमानी करने से कई सवालिया निशान भी उठ रहे हैं,शनिवार को रीमा में सोप स्टोन काफली उडियार में खान में भूस्खलन होने के कारण तीन मजदूर घायल हो गए हैं। मजदूरों के घायल होने



के बाद खान मालिक व खान प्रबंधक आदि ने इसकी सूचना आपातकालीन नंबर 108 व स्थानीय पुलिस को देना तक उचित नहीं समझा सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर निजी वाहनों से घायलों को ले गए। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना छिपाने के लिए खान स्वामी द्वारा बाहरी जनपद के निजी चिकित्सालयों में ले जाया गया है।जबकि घटना होने पर स्थानीय पुलिस को अनिवार्य सूचना देनी होती है, वहीं पुलिस को इसकी सूचना तक न देना व मजदूरों के घायल होने के बाद भी 108 की सूचना न देना कई सवाल खड़े कर रहा है। जबकि आम जनता में किसी प्रकार की दुर्घटना में तुरंत 108 एंबुलेंस की याद आती है परंतु इस घटना में कुछ देर इंतजार के बाद निजी वाहनों से मरीज को अन्यत्र अज्ञात स्थान में इलाज हेतु भेजा। जबकि जनपद में हायर सेंटर जिला चिकित्सालय है तथा किसी भी प्रकार के गंभीर मरीज को हायर सेंटर ले जाने के दौरान जिला चिकित्सालय में परीक्षण सुरक्षा की वजह से किया जाता है परंतु इस घटना में ऐसा नही किया गया। जिससे क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं हैं वहीं इसकी सूचना पुलिस तक को नहीं दी गई। पुलिस को जब अन्य ने सूचना मिली तो चौकी प्रभारी सजंय बृजवाल अपनी टीम के साथ पहुँचे, परंतु तब तक माइन से सभी मजदूर नदारद मिले।वहीचिकित्सा अधिकारी एमओआईसी ड़ादीपक कुमार ने बताया कि एक मरीज को चोट लगने की सूचना बनलेख अस्पताल में मिली है जिसमें चिकित्सक को घायल अवस्था मे दर्द उठने और अस्पताल के बजाय सड़क में ही दर्द का इंजेक्शन लगाने की अपील की गई थी, जिसके बाद गम्भीर चोटिल होने की बात कहकर जिला अस्पताल ले जाने की बात बताई गई थी, वही पूर्व में भी अन्य खानों में भी खानों में कार्य करने के दौरान मजदूरों के खान में मलुवे में दबने की सूचनाएं आई पर मामले में रसूखदार मिजाज के लोगों द्वारा मामले में कोई भी कार्रवाई अमल में नही आई है, जबकि खनन क्षेत्र में कोई भी हादसा होने परऐसे में खनन क्षेत्र में कोई घटना होने पर खान सुरक्षा महानिदेशालय गाजियाबाद को मामले की सूचना देनी होती है,वही खान अधिकारी ने बताया कि मामले में घटना होने की सूचना सुनाई दी है,वही सूचना मिलते ही एसडीएम हरगिरि भी मौके पर पहुँचे, उन्होंने मौका मुआयना किया, बताया कि खान में तीन मजदूर नन्दन सिंह निवासी जारती, दुखी राम ,शिवनाथ पुत्र दुखी राम निवासी लखीमपुर उप्र घायल हुए है, वही खान स्वामी द्वारा घायलों को हायर सेंटर दिखाने की बात कही गई है।

# व्यापार मण्डल ने सीएम को भेजा ज्ञापन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा कि रुद्रपुर में जो दुकानदार पिछलें लगभग 45 वर्षों से रोडवेज बस स्टेण्ड रुद्रपुर के



सामने अपनी आजीविका चला रहे थे अपने एवं अपने कर्मचारियों के परिवार का भरण पोषण कर रहे थे उन्हे प्रशासन द्वारा उजाड़ दिया गया है जिसकी जिला प्रान्तीय उद्योग प्रतिनिधि मण्डल एवं समस्त नगर ईकाईया घोर निंदा करता है। कहा कि समस्त उजाड़े गये व्यापारियों के दुख दर्द को समझते हुये शीघ्र अतिशीघ्र अन्यन्त्र कहीं और जगह पर बसाने की व्यवस्था करें। जिससे कि इन परिवारों पर आया रोजी रोटी के संकट के बादल छूट सकें। इस मौके पर ज्ञापन देने वालो में अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल,कोषाध्यक्ष विक्की मण्डल,विजय वागला, ओम कालरा,जगदीश डालमिया आदि मोजूद थे।

# सीएम ने हीरादेवी संभल के निधन पर जताया शोक

खटीमा/सितारगंज (उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्राम बिडॉरा मझोला पहुंचकर प्रधान संघ प्रदेश अध्यक्ष भास्कर संभल की माता स्वर्गीय हीरादेवी



संभल के निधन पर शोक-संवेदना व्यक्त की और परिजनों का ढांढस बढ़ाया। श्री धामी ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति एवम अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की।



# शाकाहारी आहार के फायदे बताये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में ईट राइट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उधम सिंह नगर के एनएसएस के डिस्ट्रिक कोऑर्डिनेटर मनोज जोहरी और उनके साथ सिचाई विभाग के एसडीओ राजकमल चक्रपाणि उपस्थित रहे। सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह तथा सिक्स सिग्मा कॉलेज पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों ने सरस्वती वंदना के साथ की। इसके बाद छात्रों ने अलग-अलग प्रकार की कार्यक्रम की प्रस्तुति की और राईट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत शाकाहारी आहार के फायदों पर वार्ता, एक्सरसाइज और फिटनेस के बारे में जानकारी दी तथा स्वस्थ आहार से होने वाले फायदे के बारे में भी चर्चा की। राजकमल चक्रपाणि ने ईट राइट



इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयुर्वेद के बारे में बहुत ही विस्तार से जानकारी दी। इस मूवमेंट के तहत लोगों को स्वस्थ खाने संबंधित जानकारी प्रदान की । संस्थान के प्रधानाचार्य ने भी छात्रों को इस मूवमेंट के महत्व के बारे में बताया और छात्रों को जागरूक किया। इस पूरे कार्यक्रम में सिक्स सिग्मा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह तथा सिक्स सिग्मा कॉलेज पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी ललित भट्ट, एन एस एस वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी चंदन सिंह राणा और एनएसएस के कोऑर्डिनेटर माननीय प्रियरंजन तिवारी, महिला कोऑर्डिनेटर शिल्पा विश्वकर्मा एवं दीपिका नेगी और साथ ही इंजीनियर मुकेश कुमार, कार्तिक हालदार, एप्लाइड साइंस के कार्यकर्ता कृष्णशील और फार्मेसी डिपार्टमेंट से रोहित पडियार, नवनीत तिवारी जी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# इस्लामनगर में इंटर कालेज खोलने के लिए सीएम को सौंपा ज्ञापन

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आमिर खान के नेतृत्व में लोगों ने प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी को मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र इस्लामनगर में इंटर कॉलेज खोलने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी से मांग की गई कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र इस्लामनगर के युवा उच्च शिक्षा नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं गरीब तबके के लोग जो दैनिक मजदूरी करते हैं उच्च शिक्षा के लिए प्राइवेट स्कूलों में दाखिला नहीं ले सकते इसलिए इस्लाम नगर में एक इंटर कॉलेज का होना अनिवार्य है। ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुसलमानों के हितों के लिए बहुत सी योजनाएं चला रही हैं और मुस्लिम युवाओं का परिवर्तन भी होने लगा है बहुत बड़ी तादाद में मुस्लिम युवा पुष्कर सिंह धामी एवं भाजपा से प्रभावित है क्योंकि मुस्लिमों के हित केवल भारतीय जनता पार्टी में ही है पहले की सरकारों ने कभी युवाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान नहीं दिया। इंटर कॉलेज इस्लामनगर में खोलकर एक मिसाल पेश की जाए और यहां से पढ़कर युवा प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, संजय पिलखवा, तारिक मलिक, हाफिजुर रहमान, कमल चौहान राहुल सक्सेना मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**फीस जमा न करने पर ..**है लेकिन परिवार की आर्थिक तंगी के कारण वह फीस नहीं दे पाई जिसके बाद इन दोनों छात्राओं को परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया गया। उनका आरोप है कि हाई स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा का प्रवेश पत्र तक भी उसको नहीं दिया गया जोकि पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि स्कूल संचालक द्वारा जहां एक और सरकार की योजनाओं को पलीता लगा कर सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है तो वही बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस मामले में स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अधिकारियों को अवगत कराएंगे। मांग पूरी ना होने पर उन्होंने आंदोलन करने की चेतावनी दी है वही स्कूल प्रबंधक टी चंद्रा ने लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है।**फर्जी वसीहत से ...**नहीं की। 2021 की 13 नवंबर को सूचना अधिकार में कलेक्ट्रेट से जानकारी लेने पर पता चला कि रिकॉर्ड रूम में उक्त फर्जी वसीयत का कोई रिकॉर्ड है ही नहीं। फर्जीवाड़ा प्रकाश में आने पर पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर गुरजिंदर सिंह, बलजिंदर कौर, निर्मल सिंह व संत गुरु उपदेश देव निवासी गंण रायपुर खुर्द काशीपुर के खिलाफ धारा 420/506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**दूसरे दिन भी...**का कहना है कि शक्ति नहर के दोनों किनारों पर करीब 600 अवैध निर्माण गिराए जाने हैं। इसी के लिए अभियान शुरू किया गया है। कार्रवाई के पहले चरण में लगभग 300 निर्माण गिरा दिए गए हैं। शेष निर्माण पर कार्रवाई की जा रही है।

**ग्रामीणों ने जल संस्थान...**बैठक प्रदेश में की जायेगी। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनेकों कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्र शिक्षा का हब बने इसके किए यह अनेकों कार्य किए जा रहे है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कॉलेज द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी व छात्र छात्र द्वारा बनाए गए व्यंजनों का अवलोकन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, डीएफओ संदीप कुमार, सीडीओ विशाल मिश्रा, कुलपति जगत सिंह बिष्ट, निदेशक कमल बिष्ट, प्रो देवेंद्र बिष्ट, मंडी चेयरमैन नंदन सिंह, उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

**कोर्ट के आदेश पर...**देने थाना ट्रांजिट कैम्प नही लिखी। जिस पर उसने डाक द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकाती पत्र भेजा लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**फोटो एडिटिंग कर ..**भी बताया कि आरोपी ने पूर्व में भी कई बार उसकी पुत्री की शादी में विघ्न डाला है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी को गंभीर धाराओं में नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# धूमधाम से विराजमान होगी मां ज्वाला जी की ज्योति

गदरपुर (उद संवाददाता)। श्री जय भवानी जागरण मंडल के तत्वधान में 11 मार्च से 39 वी मां वैष्णो दरबार की पावन यात्रा गदरपुर से प्रारंभ की गई। जो यात्रा मां मनसा देवी मां नैना देवी मां वैष्णो देवी बाबा त्रिलोकी नाथ मां चामुंडा मां कांगड़ा माता बगलामुखी मां चिंतपूर्णी होते हुए मां ज्वाला जी पहुंची जहां से मां ज्वाला की कृपा से ज्योत ज्वलित कर मां ज्वाला स्वरूप को लेकर गदरपुर के लिए रवानगी कर चुकी है। मां ज्वाला का ज्योति स्वरूप नगर में धूमधाम से भ्रमण करते हुए श्री सनातन धर्म मंदिर में विराजमान होगी श्री जय भवानी जागरण मंडल के महंत पंडित राजन जी शर्मा एवं अध्यक्ष सोमनाथ छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया 21 मार्च



दोपहर 3:00 बजे यह यात्रा नगर के महेंद्र पेट्रोल पंप पर पहुंचेगी जहां से पैदल भ्रमण कर नगर के मुख्य मार्ग होती हुई श्री सनातन धर्म मंदिर विराजित होगी उन्होंने क्षेत्र के धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मां ज्वाला जी के दर्शन करने का आवाहन किया। इस मौके पर श्री जय भवानी जागरण मंडल के महंत पंडित राजन शर्मा, अध्यक्ष सोमनाथ छाबड़ा, अशोक पोपली, रिक्कू भुसरी, श्याम सुन्दर कालरा, शिवा शर्मा, सक्षम ग्रोवर, लेखराज भुडी, सुरेंद्र बजाज, संजीव झाम, मीना शर्मा, सुनीता छाबड़ा, सपना भुसरी, सपना पोपली, उषा बजाज, भावना भुड्डी, शोभा रानी, कृष्णा गुम्बर, लीना झाम, नेहा बेहड़,रमा बेहड़ आदि भक्त मौजूद रहे।

# सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस में यूके बोर्ड परीक्षा की नई कक्षाएं प्रारंभ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस में नवीन सत्र 2023-24 के यूके बोर्ड की हाईस्कूल की कक्षाएं 5 अप्रैल से तथा इंटरमीडिएट की कक्षाएं 10 अप्रैल से तथा साथ ही साथ कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के बीए अंग्रेजी साहित्य की कक्षाएं मई के प्रथम सप्ताह से शुरू हो रही हैं। संस्था संचालक सुजीत मंडल पिछले 10 वर्षों से अंग्रेजी विषय में बेहतर परिणाम देकर क्षेत्र के बच्चों का उत्साह बढ़ा रहे है अंकित सरकार ने अंग्रेजी में 98 अंक तथा पलास साना ने अंग्रेजी में 95 अंक प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।संचालक पिछले कई वर्षों से अभिभावकहीन छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा देकर क्षेत्र में शुल्कहीन शिक्षक के रूप में समाज में भूमिका निभा रहे है तथा क्षेत्र के सभी छात्र छात्राओं को कक्षा में निर्धारित तिथि पर प्रवेश लेने की सलाह दी है गरीब छात्रों को परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क टेस्ट सीरीज तथा अध्ययन सामग्री प्रदान करने जा रहे है।सुजीत का कहना है कि क्षेत्र के किसी भी गरीब बच्चे की सफलता में पैसे उसकी बाधा नहीं बनेगी उचित शिक्षा प्रदान करना प्रथम प्राथमिकता रहेगी।

# सर्वाइकल कैंसर पर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक


रामनगर(उद संवाददाता)। एल्डा फाउंडेशन के द्वारा 'एफ पी ओ रामनगर भाभर कृषक उत्पादन संगठन स्वायत्त सहकारिता कृषक सहकारी समिति' के सहयोग से महिलाओ के लिए ( तीन स्थानों छोई,लूटाबड़,मालधन) महिला स्वास्थ्य ,सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं रोजगार कार्यशाला का आयोजन किया गया । इसमें फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ पूजा के द्वारा वहां पर उपस्थित सभी महिलाओं को महिला स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई उनको यह बताया गया कि किस प्रकार माहवारी के दौरान उनको अपने को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखना है और कौन से ऐसे कारण हैं जो सर्वाइकल कैंसर का खतरा बन सकती हैं डॉ पूजा के द्वारा ना केवल महिलाओं को इस विषय पर जानकारी दी गई बल्कि उनको निशुल्क सेनेटरी पैड का भी वितरण किया जिससे कि वह इसका उपयोग करके अपने को सर्वाइकल कैंसर से बचा सकें एवं जो महिलाएं इसको रोजगार के रूप में अपना ना चाहे उनके लिए भी फाउंडेशन हमेशा मदद के लिए तैयार है आज की इस कार्यशाला में फाउंडेशन की लखनऊ जिला अध्यक्ष राज श्री नीरज, एफ पी ओ के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रताप,सी ई ओ श्री रमेश रावत,बी ओ डी श्रीमती लता , श्रीमती ललिता,बीओ डी श्री गिरधारी लाल आदि लोग उपस्थित रहे । बायो सेट इंटरनेशनल से डॉ अतुल पंडित समेत करीब 200 से अधिक महिलाओं ने उक्त कार्यक्रम में भागीदारी की और इसको अपने लिए बहुत ही फायदेमंद बताया एवं भविष्य में भी ऐसी कार्यशाला ओं का आयोजन करने के लिए निवेदन किया ।

# शॉपिंग काम्प्लेक्स में पार्किंग व्यवस्था के अभाव में यातायात व्यवस्था प्रभावित

बागेश्वर(उद संवाददाता)। तहसील रोड में रिलायंस मॉल के पास ग्राहकों द्वारा मनमाने तरीके से वाहन खड़े करने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, शॉपिंग काम्प्लेक्स में पार्किंग व्यवस्था के अभाव में शॉपिंग करने वाले उपभोक्ता सड़क में ही अपने वाहनों को खड़ा कर रहे है, जिस कारण आए दिन जाम की स्थिति पैदा हो रही है, वही मरीज ले जा रही एम्बुलेंस काफी देर तक जाम में फंसी रही, बीस मिनट तक एम्बुलेंस चालक लगातार हूटर बजाते रहा पर सड़क पर मनमाने तरीके से खड़े वाहनों के चलते मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस को जाम में फंसना पड़ा,चालक एक दूसरे को जाम खोलने की बात कहते नजर आए वही व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने नाराजगी जताते हुए प्रशासन से रिलायंस मॉल में आने वाले उपभोक्ताओं के लिए पार्किंग की व्यवस्था नही होने से आए दिन जाम लगने का कारण बताया, और पुलिस से जाम से निपटने के लिए मॉलसंचालक से यातायात व्यवस्था बाधित होने पर इसकी जिम्मेदारी होने और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए भी व्यवस्था कराने की मांग की।

# हैम्बर्ग यूनिवर्सिटी के इंजीनियर लॉरुस ने केबीएस स्कूल का किया दौरा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हैम्बर्ग यूनिवर्सिटी के इंजीनियर लॉरुस ने सिंह कालोनी स्थित के.बी. एस. पब्लिक स्कूल का दौरा किया और विद्यालय के बच्चों के साथ बातचीत कर उनकी प्रगति को देखा। उन्होंने जर्मनी की शिक्षा व्यवस्था की जानकारी बच्चों, स्टाफ के साथ साझा की। उन्होंने अपने मैकेनिकल इंजीनियरिंग से



समबन्धित भविष्य से सम्बंधित थ्री डी सिमुलेशन के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही इस विषय को बच्चों को भविष्य में पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने दुनियाँ के अन्य देशों की शिक्षा व्यवस्था के बारे में सक्षिप्त जानकारी दी। बता दें इंजीनियर लॉरुस लगभग 16 देशों की यात्रा कर शिक्षा व्यवस्था देख चुके हैं, उन्होंने विद्यालय के प्रिंसिपल विश्वेन्द्र के साथ अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्रबंधक वीरेंद्र सिंह, प्रिंसिपल इंजीनियर विश्वेन्द्र सिंह निषाद, उपप्रधानाचार्य श्रीमती कल्पना सिंह, वंदना सिंह , सोनी शर्मा, प्रिया चौनियाल,दीपक राणा सर, हैप्पी विक्टर,मैडम आभा सिंह,आकाश सिंह निषाद, प्रिन्स, सीमा,रिया आदि भी मौजूद रहे।

# दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने पर जताया सरकार का आभार

बागेश्वर(उदसंवाददाता)।राज्य आंदोलनकारियों की यहां आयोजित बैठक में शहीद आंदोलनकारियों श्रद्धांजलि दी गई। राज्य आंदोलनकारियों ने सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट ने सरकारी नौकरी में राज्यआंदोलनकारियों को दिए गए दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का स्वागत किया व सरकार का आभार व्यक्त किया। राज्यआंदोलनकारी मोहन पाठक ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के संघर्षों से प्राप्त राज्य को आज नव निर्माण की



आवश्यकता है और आंदोलन नये स्वामित्व उत्तराखंड का संकल्प लेते हैं। राज्य आंदोलनकारियों की तरफ से सरकार से अलगआग्रह करते ही हैकि गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाए जाने का प्रयास किया जाए।वही बागेश्वर में चौक बाजार में आंदोलनकारियों ने एकत्र होकर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी जताते हुए सरकार का आभार जताया,इस मौके पर हरीश सोनी,कुंदन लाल,हरीश जनोटी,सुरेश खेतवाल, किशन सोनी,पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष शेर सिंह ऐठानी, गिरीश जोशी, वरिष्ठ पत्रकार गणेश उपाध्याय व मनोज शाही,प्रकाश पांडे,आदि मौजूद रहे।

# बैजनाथ पुलिस ने लोगों को किया जागरूक

गरुड(उद संवाददाता)।बैजनाथ पुलिस ने ग्राम प्रहरियों के साथ गोष्ठी आयोजित की। जिसमें ग्राम प्रहरियों से ग्रामीणों की समस्याओं के बारे में जानकारी



ली गई। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने व ग्राम प्रहरियों की भूमिका के बारे में उन्हें बताया गया। क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति दिखने, मादक पदार्थ की बिक्री करने तथा नशा करने वालों की सूचना पुलिस को देने को कहा। थानाध्यक्ष प्रहलाद सिंह ने उत्तराखंड पुलिस एप व हेलपलाइन नंबरों की जानकारी दी।

# 50 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव और उसकी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम डोहरा सिसई खेड़ा से आरोपी महेन्द्र सिंह पुत्र सुरेन सिंह उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम डोहरा सिसई खेड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक काले रंग के रबड़ ट्यूब में 50 लीटर अवैध कच्ची शराब की खाम बरामद की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 60( 1)आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पकड़ने वालों में थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव एस आई दीवान सिंह बिष्ट, जगदीश सिंह, दीपक कुमार आदि थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सीएम ने किया सरस आजीविका मेले का शुभारंभ

चंपावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को टनकपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं उत्तराखण्ड राज्य विकास ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वाधन में आयोजित सरस मेला-2023 का शुभारंभ किया। उन्होंने लोकल उत्पादों को बढ़ावा/बाजार देने के लिए 13 डिस्ट्रिक्ट 13 डेस्टिनेशन अंतर्गत चंपावत में हिमाद्री इंपोरियम केंद्र का निर्माण, लोहाघाट में रामलीला मंदिर के समीप सांस्कृतिक मंच का निर्माण और सरस मेले में विभिन्न संसाधनों हेतु विधायक निधि से 20 लाख देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि सरस आजीविका मेला अपने आप में विशिष्ट है, क्योंकि इसका स्वरूप जहां एक ओर मेले जैसा है, वहीं यह व्यापारिक और स्वरोजगार के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं और महिलाओं को अपने कार्य का प्रदर्शन करने का एक मंच भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के संपूर्ण विकास के लिए जरूरी है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक अपने दायित्वों का भली



भांति निर्वहन करें। आजीविका मेलों के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी एकता एवं संस्कृति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं साथ ही इनसे व्यापारियों, कलाकारों, कारीगरों आदि को परस्पर अनुभवों के आदान-प्रदान में भी सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि सरस मेले में महिला समूहों द्वारा विभिन्न स्टालों का संचालन व गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का विपणन आर्थिक सशक्तता की ओर महिलाओं की रुचि को प्रदर्शित करता है। यह इस बात का संकेत है कि महिलाओं को प्रदेश की आर्थिकी से जोड़ने हेतु चलाई जा रही योजनाएं कारगर साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की व्यवसायिक गतिविधियों को गति देने, उनकी आर्थिक सशक्तता बढ़ाने व उन्हें स्थायित्व प्रदान करने के लिए राज्य के सभी 95 विकासखण्डों में ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना की शुरूआत की गयी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हाल में जो वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है, उसे धरातल पर उतारने हेतु हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और इस मेले में प्रदर्शित उत्पाद इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इस अवसर पर जनपद प्रभारी मंत्री श्रीमती रेखा आर्य, नगर पालिकाध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष बनबसा रेनू अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष निर्मल महरा, प्रदेश मंत्री भाजपा हेमा जोशी, पूर्व दर्जा मंत्री हयात सिंह महरा, शिवराज सिंह समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## टनकपुर से खाटू श्याम बस सेवा शुरू

टनकपुर। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर स्थित खाटू श्याम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री श्री धामी एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर



खाटू श्याम के लिए परिवहन निगम की बस को रवाना किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीधे टनकपुर से खाटू श्याम बस सेवा शुरू होने से टनकपुर, बनबसा एवं खटीमा की जनता लाभान्वित होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका टनकपुर विपिन कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका हर्षवर्धन सिंह रावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## कुक बनकर होटल स्वामी से की लाखों की ठगी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोगों से ठगी करने के लिए शातिर कई तिकड़म लड़ाते हैं। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है जिसमे कुक बनकर एक युवक ने होटल स्वामी से लाखों की ठगी कर ली। पीड़ित होटल स्वामी ने काठगोदाम थाने पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रेलवे कॉलोनी काठगोदाम निवासी चयन राय ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसने कुछ माह पूर्व अपने कोलकाता किचन नामक होटल में कुक की जरूरत के लिए एक विज्ञापन दिया। जिस पर मधुसूदन नामक शख्स का फोन आया और स्वयं को कुक बताया। साथ ही उसने कहा कि वह उसके होटल में काम करना चाहता है। लिहाजा वह उसका टिकट बनवा दे। इस पर उसने टिकट का खर्च 6 हजार उसे दे दिए। चयन आरोप है कि अगले दिन मधुसूदन का पुनः फोन आया और कहा कि उसे पुलिस ने गैस सिलेंडर के साथ पकड़ लिया है। इस पर पुलिस से छुड़ाने के एवज में उसने अलग-अलग किश्तों में एक लाख तीन हजार की रकम गूगल पे के माध्यम से अपने बैंक खाते में डलवा लिए। इसके बाद न तो उक्त ठग उसके होटल में पहुंचा और न ही उसे रकम वापस की गई। जब उसे अपने साथ ठगी का एहसास हुआ तो उसने काठगोदाम थाने पहुंचकर तहरीर सौंपी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सुमित मण्डल पुनः मनोनीत हुये कमेटी अध्यक्ष

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। सुरेंद्रनगर के बाबा तारक नाथ धाम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शम्भु साना के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे सर्वसम्मिति से जय बाबा तारक नाथ धाम पूजा व मेला कमेटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष सुमित मण्डल,उपाध्यक्ष अमित रॉय,सचिव सुशांत रॉय,उपसचिव विधान शील,मुख्य कोषाध्यक्ष अनंत हालदार,आय कोषाध्यक्ष राजू मीरवर,आय कोषाध्यक्ष



आशीष हालदार,आय कोषाध्यक्ष तापस मण्डल,व्याय कोषाध्यक्ष जगदीश मण्डल,,व्याय कोषाध्यक्ष राजू हालदार,,व्याय कोषाध्यक्ष अशोक पल्ले, परिचालक मिथुन मण्डल,उप परिचालक विक्की बैरागी,प्लाटिंग कार्यकर्ता विजय सिकदार, सुकुमार विश्वास,ऑडिटर सपन हालदार, संरक्षक राजा हालदार,सुनील बिश्वास,दीपक बढ़ाल व कोर कमेटी मे संतोष राय,सचिंद्र नाथ हालदार,निर्मल मिस्त्री,रंजीत हालदार, उत्तम शील,गिरिधारी मल्लिक,जयदेव हालदार,गोपाल सरकार शामिल है।

## नड्डा की टिप्पणी पर भड़के कांग्रेसी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जेपी नड्डा द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में बमोरी ब्लॉक अध्यक्ष हेम पांडे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता एमबी इंटर कॉलिज चौराहे पर एकत्रित हुए। उन्होंने प्रभु से प्रार्थना की कि नड्डा को सद्बुद्धि प्रदान करें। हेम पांडे ने कहा कि नड्डा का मानसिक संतुलन खराब



हो चुका है। कांग्रेसियों ने दिमाग रूपी हांडी से भूसा निकालकर उनके दिमाग का शुद्धिकरण किया द्यप्रदर्शन में मुख्य रूप से विधायक सुमित हृदेश, दीप पाठक , दीपक ब्वारी , मुकुल बलुटिया, सतनाम सिंह, संदीप,भैसोड़ा , प्रेम बिष्ट, हेमंत बगड़वाल, जीवन कार्की , गोविंद बगड़वाल , हाजी सोहेल सिद्धकी, मयंक भट्ट ,मीमांसा आर्या, कमला तिवाड़ी, विनोद दानी, नितिन भट्ट, प्रीतम बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## जंगल में मिला शिक्षा विभाग के कर्मचारी का शव

बागेश्वर/धरमघर (उद संवाददाता)। रीमा पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत होराली गांव निवासी एक परिचारक कर्मचारी का शव पौठण के जंगल में मिला है।दोपहर में घास लेने जंगल गई महिलाओं ने जंगल मे एक व्यक्ति को अचेत



अवस्था में देखा। उन्होंने इसकी जानकारी परिजनों को दी।जिसके बाद इसकी सूचना रीमा चौकी को मिली,चौकी प्रभारी सजय बृजवाल ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया,पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक शिक्षा विभाग में परिचारक के पद पर तैनात था,शुक्रवार से बोर्ड ड्यूटी के बाद घर नहीं पहुंचा था, इससे परिजन चिंतित थे। रीमा चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार होराली निवासी 51 वर्षीय युवराज सिंह पुत्र बद्री सिंह चौहान लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज सनेती में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात था। शुक्रवार को वह बोर्ड ड्यूटी करने के बाद घर नहीं पहुंचा था। परिजनों ने उसके मोबाइल नंबर पर फोन करने का प्रयास किया,फोन में घंटी गई, लेकिन फोन नहीं उठा। शनिवार को परिजनों ने अपने रिश्तेदारी से लेकर अन्य स्थान पर खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। शनिवार को स्कूल में भी उसकी बोर्ड ड्यूटी थी। पर वह विद्यालय नही पहुंचा था, जिसके बाद दूसरे कर्मचारी को बोर्ड ड्यूटी दी गई। रविवार की सुबह परिजन गुमशुदगी लिखाने के लिए चौकी जा रहे थे कि गांव की महिलाओं ने पौठण के जंगल में उसके शव होने की सूचना उनके परिनजों को दी। सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। युवराज के बड़े भाई पृथ्वीराज ने इसकी सूचना रीमा चौकी को दी। चौकी प्रभारी सजय बृजवाल ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या कर्मचारी के गिरने से मौत होना प्रतीत हो रहा है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल पाएगा, बताया कि मामले में किसी ने भी कोई तहरीर नहीं सौंपी है।

## इको टूरिज्म बढ़ाने को डीएम ने अधिकारियों संग की चर्चा

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जनपद में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने एवं औषधि उत्पादकों के कलस्टर विकसित करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी रीना जोशी द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में वन,पर्यटन, जन्तु विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर चर्चा की गई तथा वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में डीएफओ द्वारा जनपद में इको टूरिज्म बढ़ाने की कार्य योजना जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई। जिसका जिलाधिकारी ने अवलोकन किया। कार्य योजना के अवलोकन के दौरान जिलाधिकारी ने डीएफओ को निर्देश दिये कि इको टूरिज्म को बढ़ावा देने संबंधी कार्य योजना में चिफलाकेदार में ट्रैकिंग रूट, वन पंचायतों में टेम्परेरी टेंट विलेजिज बनाने, होमस्टे को प्रमोट करने, नेचर गार्ड की ट्रेनिंग, इको टूरिज्म के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों की चिन्हित करना तथा ऐसे लोगों को



हाउसकीपिंग की ट्रेनिंग देना आदि को भी कार्य योजना में शामिल किया जाए। उन्होंने सीडीओ को निर्देश दिये कि वन पंचायतों के सरपंचों एवं इको टूरिज्म के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों के साथ बैठक आयोजित कर इको टूरिज्म को बढ़ावा देने वाले विषय पर सुझाव प्राप्त किए जाए ताकि उनको कार्य योजना में शामिल किया जा सके। बैठक में डीएफओ जीवन मोहन दगाड़े, मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान विभाग महाविद्यालय पिथौरागढ़ डॉक्टर सचिन बोहरा आदि उपस्थित थे।

# छोटे व्यवसायियों का उत्पीड़न नहीं होगा स्वीकार

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लंबे समय बाद पालिका अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चला रही है,नगरमें सड़कों विभिन्न मार्गो में सुविधाओं के लिए चलाया जा रहा अभियान सराहनीय है, पर पालिका द्वारा प्रशासन के आदेश पर इन दिनों अतिक्रमण हटाने के नाम पर जेसीबी चलाई जा रही है। वहीं बड़े अतिक्रमणकारी अतिक्रमण किए गए भवनों का सौंदर्यीकरण कर रहे हैं व कई बार प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठे रहते हैं। इधर गरीबों पर कार्रवाई के विरोध में फड़ एसोसिएशन ने बीस मार्च को फड़ बंद रखने का ऐलान किया है। शनिवार को नगर पालिका ने प्रशासन के आदेश के बाद जिला चिकित्सालय के समीप के फड़ खोखों पर जेसीबी चलाने का प्रयास किया। जिसे बाद में पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण और व्यापार मंडल अध्यक्ष के विरोध के बाद उनकी समस्याओं के समाधान तक रोक दिया गया था। छोटे व्यवसायियों पर कार्रवाई का हालांकि व्यवसायी विरोध कर रहे थे परंतु आम जनता अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर सहमति जताते हुए कह रही थी कि बड़े अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है। नगर के विभिन्न मार्गों पर कई होटल दुकानें आवासीय इकाई बन चुके हैं, भागीरथी नाले के उपर दुकानें बनाकर लोगों ने किराये में दी है परंतु प्रशासन को यह नजर नहीं आ रहा है। जिन लोगों ने बढ़ा अतिक्रमण किया है उनके खिलाफ मात्र चालानी कार्रवाई की गई है व उनके साथ प्रशासन के अधिकारी बैठे दिखाए देते हैं कई सरकारी कार्यक्रम इन होटलों में आयोजित करके



उन्हें भारी भरकम राशि किराये के रूप में देकर प्रोत्साहित किया जाता है, परंतु गरीबों के अतिक्रमण को हटाकर अपनी पीठ थपथपाई जा रही है।उन्होंने अतिक्रमण हटाने का सहयोग की बात कहते हुए रसूखदारों को संरक्षण और गरीबी के बीच परिवार का भरण पोषण करने के लिए लगाए जा रहे फड़ व्यवसाईयों का उत्पीड़न किसी हालत में बर्दाश्त नहीं करने की बात कही,वही सड़क नदी नालों पर जबरन बड़े अतिक्रमण कारियो पर कार्रवाई हो नगर अतिक्रमण मुक्त हो, सुनियोजित विकास हो सबके कल्याण के लिए कार्य हो ऐसी नीति बनाई जाए,वही फड़ व्यवसाईयों के लिए सुनियोजित स्थान निर्धारित करने की बात कही, इधर व्यापार संघ ने गरीबों के खोखे तोड़ने के विरोध में बैठक आयोजित की जिसमें तय किया कि 20 मार्च को सभी फड़ खोखे दुकानें बंद रखेंगे व उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे। बैठक में व्यापार संघ अध्यक्ष कवि जोशी ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर अधिनियम (पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विनियमन) अधिनियम 2014 के तहत किसी भी पथ विक्रेता को 30 दिन पहले नोटिस दिया जाना होता है और उससे पहले उसे कही और पुनः स्थापित किए जाने की व्यवस्था, का प्रावधान है, जबकि पथ विक्रेता को तीन दिन पहले ही नोटिस दिया गया और फिर आननफानन में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने का दिखावा करने के लिए छोटे व्यवसाईयों की दुकानें तोड़ी जा रही है,जो नियमों के खिलाफ है।चेतावनी देते हुए प्रशासन द्वारा फड़ एसोसियन की बात नही मानी जाएगी तो उसके बाद व्यापार संघ भी उनके समर्थन में पूर्ण बाजार बंद करने के लिए बाध्य होगा।इस दौरान फड़ एसोसिएशन अध्यक्ष किशन राम, भीम कुमार, पंकज जोशी, महेश सिंह, जीवन लाल, कैलाश चंद्र, जानकी, राजेंद्र गिरी आदि उपस्थित थे।